* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 201

बगैर संवैधानिक वैधता और वेतन के ही सेवा दे रहे डीजीपी : बाबूलाल



# लक्ष्य हासिल, पर जारी है 'ऑपरेशन सिंदूर': वायुसेना

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिन की युद्ध जैसी स्थिति के बाद शनिवार को सीजफायर का ऐलान कर दिया गया। रविवार को भारतीय वायुसेना ने एक बयान जारी कर कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अब भी जारी है। वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, भारतीय वायुसेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किये हैं। राष्ट्र के हित में यह ऑपरेशन बहुत ही आक्रामक ढंग से चलाया गया। यह ऑपरेशन अब भी जारी है। आगे इसकी विस्तृत जानकारी दी जायेगी। वायुसेना अफवाहों और अप्रमाणित जानकारी पर विश्वास करने से बचने की सलाह देती है। बता दें कि इस ऑपरेशन के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायुसेना और उसके पायलटों के संबंध में अलग-अलग तरह की विवादास्पद जानकारियां साझा की जा रही हैं।

भारत ने पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति की शर्तों का उल्लंघन करने का शनिवार रात आरोप लगाया था और उससे इस तरह के उल्लंघन से बचने के लिए उचित कदम उठाने तथा स्थिति से गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निपटने का आह्वान किया था। स्थिति अब शांत हो गयी है, लेकिन कई सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग कई दिनों तक जारी रही गोलाबारी और ड्रोन संबंधी घटनाओं के कारण अब भी आशंकित हैं।

बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल को मासूम पर्यटकों पर आतंकियों ने हमला कर दिया था। इस हमले में कम से कम 26 लोग मारे गये थे। इसके बाद पूरे देश में रोष था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हमले का जवाब देने के लिए सेनाओं को पूरी छूट दे दी ती। इसके बाद सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर आतंकियों के नौ ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया।

## सेना ने कहा, हमारा काम लक्ष्य पर निशाना साधना है, लाशें गिनना नहीं

### भारतीय सेना की कार्रवाई में पाकिस्तान के 40 सैनिक मारे गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रविवार शाम को तीनों सेनाओं की संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग के दौरान भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि हमारा काम लक्ष्य पर निशाना साधना है। लाशों को गिनना हमारा काम नहीं है। चार दिन तक चले 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि नौ और 10 मई की रात को भी पाकिस्तान ने एयरफील्ड और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की। थलसेना और वायुसेना की समेकित वायु रक्षा प्रणाली की वजह से हर हमले को नाकाम कर दिया गया। भारत की गोलाबारी में पाकिस्तान की सेना के 35-40 जवान मारे गये। उन्होंने बताया कि सेना ने सीमा पार के आतंकी परिदृश्य को समझने के लिए बहुत मेहनत की। सुरक्षाबलों ने सूक्ष्मता से काम किया और आतंकी शिविरों और प्रशिक्षण स्थलों की पहचान की। कार्रवाई करने के लिए कई जगहें सामने आयीं, लेकिन हमने गहन विचार-विमर्श किया। हमें एहसास हुआ कि इनमें से कुछ आतंकी केंद्र अब मौजूद नहीं हैं। हमने तय किया था कि हम केवल आतंकवादियों को ही निशाना बनायेंगे और आम नागरिकों के साथ-साथ दूसरे नुकसान को रोका जायेगा। खुफिया एजेंसियों ने नौ आतंकी शिविरों के बारे में पुष्टि की। इनमें से कुछ पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में थे, जबकि कुछ अन्य पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में थे। मुरीदके लश्कर-ए-तैयबा का केंद्र है। पिछले कई वर्षों में यहां अजमल कसाब और डेविड हेडली जैसे कुख्यात लोगों को ट्रेनिंग मिली है।

सेना के अधिकारयों ने तस्वीरों के साथ विस्तार से बताया कि स्ट्राइक से पहले के हालात कैसे थे और सेना की कार्रवाई के बाद का मंजर कैसा है। उन्होंने बताया कि भारत की जवाबी कार्रवाई के डर से कुछ आतंकी ठिकाने खाली हो गये। 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए सोच-विचार कर नौ आतंकी शिविरों को हमले के लिए चुना गया। एक सौ से ज्यादा आतंकी मारे गये। कंधार विमान अपहरण में शामिल रऊफ अजहर जैसे हाई वैल्यू टारगेट यानी वांटेड आतंकी को भी खत्म कर दिया।




### शिव तांडव स्तोत्र के संगीत से दृढ़ मानसिकता दिखायी


तीनों सेनाओं के अधिकारी जब प्रेस ब्रीफिंग करने पहुंचे, तो ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति चलायी गयी। इसके माध्यम से भी भारतीय सेना ने स्पष्ट संदेश दिया। ऐसा इसलिए, क्योंकि जिस बैकग्राउंड संगीत का इस्तेमाल किया गया, वह शिव तांडव स्तोत्र का है। एयर मार्शल एके भारती, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और मेजर जनरल एसएस शारदा ने भारतीय सेना की कार्रवाई पर जानकारी दी।

## रावलपिंडी तक सुनी गयी ब्रह्मोस की धमक: राजनाथ

### लखनऊ में ब्रह्मोस यूनिट की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट का रविवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी और कहा, भारतीय सेना ने पराक्रम दिखा दिया है। आतंकवाद के लिए सरहद पार की जमीन भी सुरक्षित नहीं रहेगी। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही कार्रवाई नहीं की, बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गयी, जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने कभी उनके आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन जब पाकिस्तान ने भारत के नागरिक इलाकों, मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमले का प्रयास किया, तब भारतीय सेना ने शौर्य और संयम के साथ उत्तर दिया। पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत विरोधी और आतंकी संगठनों ने भारत माता के मस्तक पर हमला किया था। कई परिवार के सिंदूर मिटाये थे। सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये इंसाफ दिलाने का काम किया। यह ऑपरेशन भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रदर्शन है। यह 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छा-शक्ति का प्रतीक है। यह अभियान आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ संकल्पशक्ति, सैन्य क्षमता और रणनीतिक पराक्रम का प्रमाण है। भारत ने दुनिया को यह भी दिखाया है कि वह आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पठानकोट, उरी, पुलवामा, और अब ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों से यह साबित हो गया है कि भारत आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए हमारे पीएम ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत है, जो केवल अपने क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि सीमा पार जाकर भी आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने का सामर्थ्य और संकल्प रखता है।




## वहां से गोली चलेगी, तो यहां से गोला चलेगा: मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना द्वारा सीमा पर पाकिस्तान की कायराना हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दे दी है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर सीमा पार से गोली चलेगी, तो भारत गोलों से उनका जवाब देगा। रविवार को पीएम मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर के अलावा शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। यह बैठक सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति बनने के एक दिन बाद हुई। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, सीडीएस जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुख शामिल हुए। बैठक में पीएम मोदी ने कहा, वहां से गोली चलेगी, तो यहां से गोला चलेगा।

**अमेरिका को भी समझाया :** बैठक के दौरान पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का दावा करने वाले अमेरिका को भी समझा दिया है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान की तरफ से कोई भी हमला किया जाता है, तो इसका अंजाम ठीक नहीं होगा और पाकिस्तान को इसके परिणाम भुगतने होंगे। सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिये हैं। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर यह भी कहा है कि बीते कुछ दिनों में आतंकी ठिकानों पर हुए हवाई हमले निर्णायक साबित हुए हैं।

**सैन्य कमांडरों को खुली छूट :** वहीं भारतीय सेना ने पाकिस्तान की ओर से किये गये संघर्ष विराम उल्लंघन के बाद सैन्य कमांडरों को किसी भी जवाबी हमले के लिए खुली छूट दे दी है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 10-11 मई 2025 की रात को संघर्ष विराम उल्लंघन के बाद सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पश्चिमी सीमाओं के सेना कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।



### कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका को जवाब

सरकार के सूत्रों के हवाले से यह भी स्पष्ट किया गया है कि कश्मीर के मुद्दे पर भारत किसी भी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं चाहता है और कश्मीर में भारत के लिए एक ही मुद्दा बचा है, और वह है- पाक अधिकृत कश्मीर, यानी पीओके की वापसी। बता दें कि रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अमेरिका कश्मीर के मुद्दे पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करवा सकता है। अब भारत ने इस बयान पर अमेरिका को स्पष्ट कर दिया है कि भारत इस मसले को घसीटना नहीं चाहता और वह अपने तरीके से पाकिस्तान को जवाब देने में सक्षम है।


## डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका को लेकर देश भर में गुस्सा

लोग कह रहे, जिसने हम पर टैरिफ लगाया, हमारे लोगों को हथकड़ी लगा कर भेजा, वह हमारे मामले में टांग क्यों अड़ा रहा

आजाद सिपाही संवाददाता


**नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत और पाकिस्तान के बीच के मामलों में हस्तक्षेप और मध्यस्थता की पेशकश का पूरे देश में विरोध हो रहा है। भारत के लोग कह रहे हैं कि जिस डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर टैरिफ का बोझ बढ़ाया, इसके लोगों को हथकड़ियों में जकड़ कर सैनिक विमान से वापस भेजा, उसे हमारे मामले में हस्तक्षेप करने का अधिकार किसने दिया। लोग कह रहे हैं कि भारत के झटकने के बावजूद अमेरिका अपनी टांग क्यों अड़ा रहा।

**क्या कहा डोनाल्ड ट्रंप ने:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर मामले में टांग अड़ा दी है, जिसे भारत साफ रूप से द्विपक्षीय मानता है। उन्होंने 'मध्यस्थता' का संकेत देते हुए कश्मीर मुद्दे को 'हजार साल पुराना' बताते हुए यह भी कह दिया कि वह इसका समाधान निकालने में मदद करना चाहते हैं।









विशेष
आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# सिर्फ पाकिस्तान को ठोकना ही न्यू नार्मल होना चाहिए

## ■ गोली के बदले गोला ही भारत की पाकिस्तान नीति होनी चाहिए

## ■ गौरी पर रहम और पाकिस्तान पर करम भारत के लिए ठीक नहीं

## ■ हर भारतीय कर रहा सवाल-ट्रंप कौन होता है सीजफायर की घोषणा करनेवाला

**आजाद सिपाही विशेष**

**वर्ष 1191 में पृथ्वीराज चौहान ने न केवल मोहम्मद गौरी को हराया था, बल्कि उसकी पूरी सेना को बंधक बना लिया था और कई दिनों तक उस लुटेरे को सम्राट ने अपनी जेल में रखा। बाद में उसे और उसकी सेना पर दया करके उसे छोड़ दिया गया और उसे उसके देश लौटने का मौका दिया। इस युद्ध में मुहम्मद गौरी की ज्यादातर सेना भी भाग खड़ी हुई थी। कहते हैं पृथ्वीराज चौहान ने मुहम्मद गौरी को युद्ध में 17 बार हराया था। लेकिन हर बार उसे जिंदा छोड़ दिया। लेकिन यही दरियादिली सम्राट पृथ्वीराज चौहान को भारी पड़ गयी। लेकिन जब 18वीं बार मुहम्मद गौरी सेना लेकर पृथ्वीराज चौहान से लड़ने आया। उसने धोखे से सम्राट को हरा दिया। हालांकि तब भी वह पृथ्वीराज चौहान को हरा नहीं सकता था, लेकिन इस युद्ध में उसे कन्नौज के गद्दार राजा जयचंद का साथ मिला। जयचंद ने दिल्ली की सत्ता को हथियाने के लालच में एक क्रूर और धोखेबाज लुटेरे से हाथ मिला लिया। उसने मौहम्मद गौरी को न केवल अपनी सेना दी बल्कि पृथ्वीराज चौहान के पड़ाव और सेना की सूचना भी दी। मौहम्मद गौरी ने जयचंद के कहने पर धोखे से पृथ्वीराज की सेना पर रात में सोते हुए सैनिकों पर हमला कर दिया। युद्ध में खूब रक्तपात बहा और अंततः धोखे से उसने यह जीत हासिल कर ली। भारत को यह इतिहास कभी भी नहीं भूलना चाहिए। अपने दुश्मन को बार-बार माफ करना खुद को कमजोर करने के बराबर है। 10 मई की शाम को जब विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने एलान किया कि भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ की बात हो गयी है और दोनों के बीच युद्ध विराम की सहमति बनी है, तो भारत के लोगों को शॉक लग गया। इससे भी बड़ा धक्का तब लगा जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि भारत और पाकिस्तान ने संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद युद्धविराम पर सहमति जता दी है। ट्रंप के इस ट्वीट पर किसी को भरोसा नहीं हो रहा था। कइयों को लगा कि यह फेक है। लेकिन ट्रंप ने यह ट्वीट अपने ऑफिसियल एक्स हैंडल से किया था। लोग आश्चर्यचकित थे। लोगों का मानना था कि यह बात भारत सरकार की तरफ से कोई बोलता तो समझ में आता। तभी विदेश सचिव विक्रम मिसरी के एलान ने लोगों को मायूस कर दिया। यकीन नहीं हो रहा था कि यह अमेरिका कौन होता है भारत और पाकिस्तान में मध्यस्थता कराने वाला। इस बार हर भारतीय देश की आन-बान-शान के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार थे। वे बस यही चाहते थे कि इस बार पाकिस्तान को नहीं छोड़ना है। इस बार पीओके तो कम से कम ले ही लेना है। भारत के लोग इस बार आर-पार के मूड में हैं। इस नब्ज को समझने की जरूरत भी है। कब तक आखिर भारत पकिस्तान के आतंक को बर्दाश्त करता रहेगा। भारत के लोगों को यह भी पता है कि पाकिस्तान हारने के बाद एक बार जरूर पीछे से वार करता है और हुआ भी वही। पाकिस्तान ने मात्र तीन घंटे के बाद ही यानी रात नौ बजे के करीब युद्ध विराम का उल्लंघन कर दिया और जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में ड्रोन अटैक करने लगा। इसलिए भारत में यह आम राय बन रही है कि पाकिस्तान को ठोकना ही एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए। युद्ध विराम के मामले में पाकिस्तान का रिकॉर्ड खराब ही रहा है। वह युद्ध विराम के लिए सहमति तो देता है, पर समझौते का पालन नहीं करता है। बार-बार पाकिस्तान की वादाखिलाफी झेल चुके भारत को इस बार भी पहले से भनक थी कि पाकिस्तान एक बार फिर ऐसा कर सकता है। इसके बावजूद भारत ने नरमी दिखायी, लेकिन इसका नतीजा अच्छा नहीं रहा। वास्तव में हमारा पड़ोसी मुल्क आतंकवाद की फैक्टरी तो है ही, यहां की सेना और राजनीतिक नेतृत्व भारत विरोध के बल पर ही काम करता है। इसलिए भारत के लिए पाकिस्तान के प्रति नरमी दिखाने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। वैसे भी पाकिस्तान आतंकवाद के प्रति अपनी नीति बदलनेवाला नहीं है, क्योंकि उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं बचा है। इसलिए भारत को अब पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कदम उठाना ही चाहिए, ताकि यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो सके। वैसे भी आज हम जिस दौर में हैं, वहां युद्ध विराम जैसी कोई चीज नहीं होती है। यह भी सच है कि ट्रंप की दखलंदाजी के बाद हमारे प्रधानमंत्री की इमेज को नुकसान हुआ है। अगर युद्ध विराम की घोषणा करनी ही थी, भारत करता, ये ट्रंप कौन होते हैं भारत के मामले में दखल देनेवाला। याद के लिए बता दें कि ये वही ट्रंप है, जिन्होंने पिछले ही महीने भारत के टैरिफ में बड़ा इजाफा किया है, ये वही ट्रंप है, हिन्होंने पिछले महीने लगभग चार सौ भारतीयों को हथकड़ी में जकड़ कर भारत भेजा है। क्या है पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम का मतलब और भारत को अब क्या रुख अपनाना चाहिए, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

आखिरकार पाकिस्तान के होश ठिकाने आ गये। उसने भारत की घातक सैन्य कार्रवाई से घबरा कर जिस तरह हाथ खड़े कर दिये और टकराव खत्म करने को बाध्य हुआ, उससे यही स्पष्ट हुआ कि उसे वही भाषा समझ में आती है, जिसमें भारत ने उसे बहुत अच्छी तरह समझाया, लेकिन शायद वह आसानी से नहीं सुधरेगा, क्योंकि उसने संघर्ष विराम समझौते को तीन घंटे के अंदर ही तोड़ दिया। इससे साफ है कि पाकिस्तान भरोसे के काबिल नहीं है। भारतीय सेना ने पहले उसके आतंकी अड्डों और फिर जिस तरह उसके सैन्य ठिकानों को मटियामेट किया, उससे वह असहाय दिखने लगा था। यह अच्छा हुआ कि भारत ने उसके प्रति कोई नरमी नहीं दिखायी। लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि भारत को आगे भी नरमी नहीं दिखानी होगी।

### आतंक को बढ़ावा और उससे मुंह मोड़ना पाकिस्तान की आदत

पाकिस्तान ने जब-जब भारत में आतंकी हमले कराये हैं, तब-तब उसे ऐसी ही शर्मिंदगी उठानी पड़ी है, चाहे मुंबई हमला हो या फिर उरी, पुलवामा और पठानकोट का हमला। आतंक को बढ़ावा देना और उससे मुंह मोड़ना पाकिस्तान की आदत है। उसकी इसी आदत के चलते भारत ने सैन्य टकराव खत्म करने पर सहमत होने के पहले यह साफ कर दिया कि भविष्य में पाकिस्तान प्रायोजित किसी आतंकी हमले को युद्ध माना जायेगा। यह पाकिस्तान और साथ ही दुनिया को बहुत बड़ा संदेश था। शायद यह संदेश सबको समझ आ गया कि अब भारत चुप बैठने वाला नहीं। आपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों के ध्वस्त होने के बाद से पाकिस्तान लगातार एलओसी पर भारी फायरिंग के साथ भारत के नागरिक और सैन्य ठिकानों को ड्रोन और मिसाइलों से निशाना बना रहा था। जब वह बाज नहीं आया, तो भारत को उसके एयरबेस ध्वस्त करने पड़े। इससे वह समझ गया कि इस बार ऐसे भारत से पाला पड़ा है, जो पाकिस्तान को बख्शने के मूड में नहीं है। पाकिस्तान के पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं था कि वह भारत पर हमले क्यों कर रहा है, क्योंकि भारतीय सेना ने तो उसके आतंकी अड्डे नष्ट किये थे।

### अधमरे सांप को छोड़ना ठीक नहीं

बहुत पुरानी कहावत है कि भावनाओं का उद्वेग कभी-कभी आंखों पर पट्टी बांध देता है। जब से भारत-पाकिस्तान के बीच तत्काल और पूर्ण ?युद्ध विराम की खबर आयी है, ऐसा ही देखने को मिल रहा है। जिनकी आंखों पर पट्टी नहीं है, उन्हें भी 1191 ई. में हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान और मुहम्मद गोरी के बीच लड़े गये तराइन के पहले युद्ध का स्मरण हो रहा है। जो सरल, सहज और देसी तरीकों से संवाद में विश्वास करते हैं, उनका कहना है कि अधमरे सांप को नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त एक वर्ग ऐसा भी है, जो इस बात को लेकर चिंतित है कि विपक्ष इंदिरा गांधी का नाम



लेकर ताने मार रहा है। हिंदू, मोदी और भारत घृणा में डूबा मीडिया इसे पराजय के तौर पर प्रस्तुत करेगा। पाकिस्तान और इस्लाम परस्त शेखी बघारेंगे। विचारों के इन तमाम प्रवाहों के बीच यह याद रखना चाहिए कि भारत ने कोई युद्ध नहीं छेड़ा था। हमने पाकिस्तान के टुकड़े करने के लक्ष्य निश्चित नहीं किये थे। हमने संघर्ष विराम का उल्लंघन नहीं किया था।

ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत के बाद ही सेना ने स्पष्ट कर दिया था कि उसके लक्ष्य पर पाकिस्तान के वे ठिकाने थे, जहां से पहलगाम जैसे हमले करने वाले इस्लामी आतंकियों को निर्देशित किया जाता है। उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। भारत और हिंदुओं को निशाना बनाने का षड्यंत्र रचा जाता है। यही कारण है कि छह मई की रात भारत ने इस्लामी आतंक के नौ अड्डों पर मिसाइल दागे। भारत के इस एक्शन से न केवल आतंकी कैंप तबाह हुए, बल्कि एक सौ से अधिक आतंकवादी भी ढेर हुए। आतंकी मौलाना मसूद अज?हर का तो खानदान ही खाक हो गया। पांच ऐसे आतंकवादी मार गिराये गये, जिनको लेकर कहा जा सकता है कि भारतीय सेना ने कश्मीर से लेकर कंधार तक का बदला एक साथ ले लिया। इन आतंकियों को ढेर कर, इन आतंकियों के जनाजे की तस्वीरें दिखाकर, भारत ने दुनिया के सामने पाकिस्तान के उस झूठ को भी उजागर किया, जिसके तहत वह खुद को आतंकवाद का पीड़ित बताता है। इसके बाद बौखलाहट में पाकिस्तानी फौज ने न केवल नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, बल्कि हमारे सैन्य से लेकर रिहायशी इलाकों तक को निशाना बनाकर गोले दागे, ड्रोन और मिसाइल छोड़े। मंदिर, गुरुद्वारे, स्कूल तक को निशाना बनाने की कोशिश की। भारत ने इसके बाद जो कुछ किया, वह जवाब देने तक ही सीमित था। हमले नाकाम कर पाकिस्तान में घुसकर जवाबी कार्रवाई तक की गयी। इन सीमित कार्रवाइयों ने परमाणु हमले की गीदड़भभकी देने वाले पाकिस्तान को भीख की कटोरी लेकर पूरी दुनिया के सामने घूमने को विवश कर दिया। यह तथ्य अब आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक हो चुका है कि अपने आठ एयरबेस पर भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ही युद्ध विराम की गुहार लगायी थी।

फिर यहां यह सवाल उठता है कि जब हम युद्ध में गये ही नहीं, जब हमने सीमित कार्रवाइयों से ही अपने लक्ष्य हासिल कर लिये, फिर मुल्ला मुनीर की फौज की गुहार को सुनना ही उस राष्ट्र का धर्म होना चाहिए, जो सनातन की नींव पर खड़ा है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने वही किया है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 2008 में मुंबई में 26/11 के हमलों में इन्हीं इस्लामी आतंकियों ने 166 जानें ली थीं। हम कुछ नहीं कर पाये थे। उस समय के हमारे रक्षा मंत्री कहते थे कि हथियार खरीदने को पैसे नहीं हैं। नरेंद्र मोदी ने 11 सालों की सत्ता में ही इस स्थिति को पूरी तरह पलट दिया है। सर्जिकल स्ट्राइक हो, एयर स्ट्राइक हो या फिर ऑपरेशन सिंदूर, हमने बताया है कि हम कभी भी पाकिस्तान का उसके घर में घुसकर उपचार कर सकते हैं और वह हमारा कुछ नहीं कर सकता है। हमास आतंकियों की मिसाइलों को निष्फल करने वाले इजरायल के आयरन डोम को देखने वाली आंखों ने पहली बार हमारी ताकत को देखी है। यह बताता है कि इन 11 सालों में रक्षा के क्षेत्र में हम कितने आत्मनिर्भर, उन्नत और ताकतवर हुए हैं। यही कारण है कि जब पाकिस्तान ड्रोन और मिसाइल दाग रहा था, हम सब अपने घरों में चैन की नींद सो रहे थे। सुबह जब आंख खुलती थी, तो पता चलता था कि दिल्ली पर दागे गये मिसाइल को रास्ते में ही हमारी सेना ने मार गिराया है। ऐसे में हमें उन पार्टियों, कथित बुद्धिजीवियों, कलाकारों की प्रतिक्रियाओं की चिंता ही नहीं होनी चाहिए, जिनके बयानों का इस्तेमाल पाकिस्तान की तरफ से भारत को बदनाम करने के लिए किया गया है।

वैसे भी यह पारंपरिक युद्ध का जमाना नहीं है। हम सदैव युद्धकाल में ही जी रहे हैं। मोदी सरकार ने स्पष्ट भी कर दिया है कि अब से आतंकी हमला भी युद्ध माना जायेगा। युद्ध विराम की घोषणा के चंद घंटों बाद ही संघर्ष विराम के टूटने की भी खबरें आ रही हैं। इसलिए दुश्मन घर के भीतर का हो या बाहर का, उसका इलाज होना निश्चित है। यह दूसरी बात है कि वह समय आपकी आकांक्षाओं पर आज फिट नहीं बैठता। पर हम जिस दौर में जी रहे हैं, उसमें युद्ध विराम जैसा कुछ नहीं होता। लेकिन यह भी सच है कि भारत को इतनी जल्दी पाकिस्तान पर भरोसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह मुल्क उसके लायक नहीं है। आतंकवाद के पोषक के रूप में पूरी दुनिया को परेशान करनेवाले पाकिस्तान का अस्तित्व ही भारत विरोध पर टिका हुआ है, तो ऐसे दुश्मन को हमेशा के लिए खत्म कर देना ही सही होगा। भारत को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के झांसे में भी नहीं आना चाहिए। उनका मिजाज क्षण-क्षण में बदलता है। उन्होंने दुनिया में अपनी बादशाहत कायम करने के लिए आगे बढ़ कर भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा कर दी। अगर सीज फायर पर दिन में ही डीजीएमओ स्तर पर सहमति बन गयी थी, तो भारत ने ट्रंप के ट्वीट के बाद सीज फायर की घोषणा क्यों की। इसे लेकर लोग असमंजस में हैं। वे सच्चाई जानना चाहते हैं। अगर पीएम ने खुद सामने आकर उस सच को जनता से नहीं बताया, तो उनकी इमेज को नुकसान होगा। क्योंकि देश के लोग ट्रंप के ट्वीट से गुस्से में हैं। वे तो यहां तक कह रहे हैं कि लोगों ने मोदी जी की उस घोषणा को शिरोधार्य कर लिया जिसमें उन्होंने कहा था कि ऐसी कार्रवाई करेंगे कि कल्पना से परे होगी। लेकिन पहले ट्रंप ने ऐसे समय में सीज फायर की घोषणा कर दी, जब हर भारतीय पाकिस्तान का खात्मा चाहता है। सेना जंग के मैदान में थी। अभी भी देर नहीं हुई है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत को युद्ध नीति बदलने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ट्रंप और पाकिस्तान की चाल को समझ रहे होंगे और आनेवाले समय में पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठायेंगे। गोली के बदले गोला की नीति ही पाकिस्तान के लिए फिट है।

# राहुल ने कहा, तुरंत बुलाया जाये संसद का विशेष सत्र

## सीजफायर की घोषणा के पीछे के सच को देश को जानने का हक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने का अनुरोध किया है। पत्र में पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष विराम से पैदा हुई परिस्थिति के बारे में संसद को विश्वास में लेने की जरूरत बतायी गयी है। राहुल गांधी ने लिखा है कि प्रधानमंत्री को खुद इस बारे में पहल करनी चाहिए, क्योंकि यह देश का मुद्दा है।



उधर कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने भारत-पाक के बीच अमेरिका की मध्यस्थता को लेकर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि अमेरिका दो दिन पहले कहता है कि इस मसले से उसका कोई लेना देना नहीं है, फिर अचानक वाशिंगटन से सीजफायर की घोषणा होती है, जो कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को एक सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और जो पिछली दो मीटिंग में नहीं हुआ, उस पर बात करनी चाहिए। प्रधानमंत्री को इस सर्वदलीय बैठक में आना चाहिए और पूरे देश और दलों को विश्वास में लेना चाहिए, क्योंकि सभी दलों ने अपनी विचारधारा को परे रखते हुए भारत सरकार को संपूर्ण समर्थन दिया था। सरकार को बताना चाहिए कि सीजफायर किन शर्तों पर हुआ है? क्या गारंटी है कि भविष्य में इस प्रकार की घटना को अंजाम नहीं दिया जायेगा? सचिन पायलट ने कहा कि 1971 में जब युद्ध छिड़ा था, तब अमेरिका ने कहा था कि हम बंगाल की खाड़ी में अपना सातवां बेड़ा भेज रहे हैं। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी आगे बढ़ीं और वो किया, जो देशहित में जरूरी था। आज हम उन्हें याद कर रहे हैं।

**कांग्रेस ने लगाया पोस्टर**

**भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर का ऐलान किया गया। एक दिन बाद कांग्रेस ने दिल्ली में अपने मुख्यालय के बाहर 'इंदिरा होना आसान नहीं' वाला पोस्टर लगाया। इस पोस्टर के साथ ही 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के सरेंडर वाली तस्वीरें भी लगायीं। पोस्टर में 'इंडिया मिस इंदिरा' (भारत इंदिरा को याद कर रहा है) की बात भी लिखी गयी। इस पोस्टर की चर्चा चहुंओर हो रही है।**

# आइपीएल 2025 के शेष मैचों का कार्यक्रम आज हो सकता है जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा होने के बाद आइपीएल 2025 के शेष मैचों का कार्यक्रम सोमवार को जारी किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि आइपीएल 2025 का शेष सत्र 16 या 17 मई से शुरू हो सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इसका फाइनल मुकाबला कोलकाता के अलावा किसी अन्य शहर में कराया जा सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आइपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया था। आइपीएल संचालन परिषद के सदस्यों और बीसीसीआइ के अधिकारियों ने आइपीएल को दोबारा शुरू करने पर रविवार को चर्चा की। बीसीसीआइ के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड उपयुक्त कार्यक्रम पर काम कर रहा है। शुक्ला ने कहा, फिलहाल आइपीएल पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। बीसीसीआइ अधिकारी समाधान पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआइ सचिव, आइपीएल चेयरमैन फ्रेंचाइजी के साथ चर्चा कर रहे हैं। इसलिए जल्द ही सभी को फैसले के बारे में पता चल जायेगा। कोशिश की जा रही है कि टूर्नामेंट को जल्द ही दोबारा शुरू किया जाये।

आइपीएल सूत्रों ने कहा कि कहा कि लीग की शुरुआत लखनऊ सुपर जाएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मैच से होगी, जिसे नौ मई को लखनऊ में खेला जाना था। सूत्रों ने कहा कि सभी टीमों को अपने खिलाड़ियों को वापस बुलाने के लिए कहा गया है। टूर्नामेंट 16 या 17 मई से दोबारा शुरू हो सकता है। अंतिम कार्यक्रम सोमवार को जारी किया जायेगा। इस बात की संभावना ज्यादा है कि मुकाबले चार स्थल पर कराये जायेंगे और दिल्ली और धर्मशाला मैचों की मेजबानी नहीं करेंगे। इन स्थलों से पहले से ही सारे उपकरण हटाये जा चुके हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.0 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.21 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.09 बजे |



# बगैर संवैधानिक वैधता और वेतन के ही सेवा दे रहे डीजीपी : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में डीजीपी का मसला फिर उठाया है। इसके लिए चिंता जाहिर करते कहा है कि निर्लज्जता की भी एक हद होती है पर हेमंत सरकार ने तो उसे भी पार कर दिया है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां बीते दस दिनों से डीजीपी का पद खाली है और जो डीजीपी जैसे काम कर भी रहा है, वो बिना वेतन के सेवा दे रहा है। बाबूलाल ने इसके लिए सीएम को निशाने पर लेते कहा कि ये तो नया भारत निर्माण है–बिना वेतन, बिना संवैधानिक वैधता, सिर्फ भ्रष्टाचार के दम पर प्रशासन! उन्होंने एक नयी नीति ही बना देने की मांग करते कहा कि क्यों नहीं धनबाद, हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो जैसे कोयला वाले कमाऊ इलाके समेत और बाकी के खनिज इलाकों में भी बिना वेतन, केवल कमीशन आधारित सेवा के लिए रिटायर्ड और अनुभवी लोगों से आवेदन सरकार मंगवाये। जो काम डीजीपी साहब कर रहे हैं, वही मॉडल लागू कीजिए, जहां वेतन की जगह वसूली हो और संविधान की जगह किचन कैबिनेट के आदेश मान्य हों।

बाबूलाल के अनुसार, दरअसल, ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार ने न केवल संविधान के अनुच्छेद 312 को नकारा है, जो यूपीएससी को अधिकार देता है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह केस के निर्देशों को भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया है। हेमंत सोरेन अब शायद खुद को सर्वोच्च न्यायालय से भी ऊपर मान बैठे हैं और प्रशासन को नीचे, बहुत नीचे गिरा दिया है। आज झारखंड वहां पहुंच चुका है, जहां जेपीएससी की हर कुर्सी बोली पर बिक रही है और यूपीएससी से चयनित अधिकारियों को भी रेट लिस्ट से होकर गुजरना पड़ता है।

बाबूलाल के अनुसार, हेमंत ने एक क्रांतिकारी प्रयोग कर डाला – योग्यता नहीं, सुविधा शुल्क आधारित प्रशासन। जो परंपरा हेमंत ने शुरू की है, वो न सिर्फ सरकारी व्यवस्था की विश्वसनीयता का अंतिम संस्कार कर रही है, बल्कि आने वाले वर्षों में झारखंड के प्रशासनिक ढांचे के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी।

## झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय का बयान

# बेबुनियाद आरोपों का सहारा ले रहे बाबूलाल

## कोई ठोस प्रमाण है तो सामने लायें, जनता को गुमराह करना बंद करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बाबूलाल मरांडी अब झारखंड की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बचाने के लिए बेबुनियाद आरोपों का सहारा ले रहे हैं। डीजीपी पद पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर सवाल उठाने से पहले उन्हें अपनी पार्टी के अंदर झांककर देख लेना चाहिए। झारखंड में आज जिन मुद्दों पर बाबूलाल मरांडी शोर मचा रहे हैं, वे उन्हीं के शासनकाल की देन हैं। तब के भ्रष्टाचार और नौकरशाही के खेल ने ही आज प्रशासनिक व्यवस्था को इस स्थिति में ला खड़ा किया है। लेकिन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दमदार नेतृत्व में राज्य का सही दिशा में विकास हुआ है। आज हर वर्ग के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिल रही है। उक्त बातें झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहीं।

झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि यह बयान हास्यास्पद है, क्या बाबूलाल खुद को इतना हताश और भ्रमित मान चुके हैं कि अब बिना किसी आधार के ऐसी बातें कह रहे हैं? अगर उनके पास कोई ठोस प्रमाण है, तो सामने लायें। वरना, झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने की साजिश बंद करें।

संविधान और सुप्रीम कोर्ट का हवाला देने से पहले मरांडी जी ये भी बताएं कि उन्होंने अपने शासनकाल में कितनी बार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन किया था।

कितने संवैधानिक पदों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया था।

हेमंत सोरेन सरकार पर उंगली उठाने से पहले बाबूलाल मरांडी को ये समझ लेना चाहिए कि जनता अब सब कुछ देख रही है। झारखंड के लोग अब उनके दोहरे चरित्र और सस्ती राजनीति के झांसे में आने वाले नहीं हैं। जिसका परिणाम पिछले चुनाव में हार के रूप में भाजपा को देखने मिल चुका है। हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में राज्य विकास और पारदर्शिता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। और मरांडी जी, अगर आपको झारखंड की फिक्र है, तो झूठ फैलाने के बजाय रचनात्मक सुझाव दीजिए। लेकिन हाँ, इसके लिए जमीन पर आकर सच्चाई का सामना करना पड़ेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।

**कर्क** शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।

**तुला** सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी, वाणिज्य-व्यवसाय में लाभ होगी।

**धनु** आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर** अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है।

## सीजफायर पर कांग्रेस-झामुमो ने केंद्र सरकार को घेरा

# सेना का मनोबल तोड़ने वाला कदम बताया

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के एलान के बाद केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों ने मोर्चा खोल दिया है। झामुमो और उसकी सहयोगी कांग्रेस ने सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। वहीं पूरे मामले पर पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलाने और इस मुद्दे पर देश की जनता के सवालों का जवाब देने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की।

झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि हम सभी को उम्मीद थी कि इस बार 1971 दोहराया जायेगा, पाकिस्तान के कई टुकड़े हो जायेंगे और पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर का हिस्सा हमारा होगा, लेकिन सेना को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया और उनका मनोबल तोड़ दिया गया।

### झामुमो और कांग्रेस नेताओं के बयान

झामुमो नेता ने कहा कि शनिवार शाम से ही देश की जनता पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद कर रही है, जिन्होंने 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव के आगे झुके बिना पाकिस्तान को दो टुकड़ों में विभाजित कर दिया था।

उन्होंने कहा कि भारत का फैसला हमारे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री करेंगे या अमेरिका के राष्ट्रपति? ऐसे कई सवाल हैं, जिनका जवाब राज्य और देश की जनता मांग रही है।

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि आज 140 करोड़ लोगों के सामने हमारी आयरन लेडी इंदिरा गांधी को याद किया जा रहा है, जब 1971 में अमेरिका के दबाव के बावजूद उन्होंने झुके बिना पाकिस्तान को दो टुकड़ों में विभाजित कर दिया था। कांग्रेस नेता ने यह भी मांग की कि पूरे मामले को लेकर पीएम मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलायी जाये।

साथ ही इस मामले पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाये। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो कभी सुधरने वाला नहीं है और वह अपनी नापाक हरकतों से कभी बाज नहीं आयेगा।

# युद्धविराम ही हर युद्ध की परिणति होती है : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा है कि किसी भी लड़ाई का परिणाम युद्धविराम ही होता है। एक बयान में सरयू राय ने कहा कि 1965 और 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध हुआ तो उसमें भी युद्धविराम ही हुआ। इस युद्धविराम में किसने क्या खोया, क्या पाया, इसमें आम जनता में बहस होती है। सरयू राय ने कहा कि अभी भारत की जनता के मन में यह बात आ गयी थी कि पाकिस्तान हमारे ऊपर हमला कर रहा है, आतंकवादी भेज रहा है। युद्धविराम से आतंक की समस्या का समाधान निकल जाता है तो युद्धविराम बेहतर है। केंद्र के इस बयान पर कि अब हमारे ऊपर कोई भी आतंकी हमला होगा तो भारत उसे एक्ट ऑफ वार मान कर फौजी कार्रवाई करेगा, राय ने कहा कि यह स्वागत योग्य है।

PUSKAR SCHOOL OF NURSING TRAINING
Hanuman Mandir Road (Near South Railway Colony)
Krishnapuri Road No.-1, Chutia, Ranchi, Jharkhand
Estd - 2016
You Tube - Puskar Group | Website : www.puskargroup.com | Email : info@puskargroup.com
अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं
Direct Admission
Golden Opportunity for Inter Pass Girls & Boys
Limited Seats
For the Course
Auxiliary Nurse & Midwifery (A.N.M)
General Nursing & Midwifery (G.N.M.)
Recognized by - Indian Nursing Council, New Delhi. | Jharkhand Nurses Registration Council, Ranchi
PLACEMENT ASSISTANCE
SCHOLARSHIP FACILITY AVAILABLE
Department of Health Medical Education & Family Welfare, Government of Jharkhand.
ADMISSION OPEN FOR 2025-2026
Course for Girls, Boys, Married Unmarried & Widow
HOSTEL FACILITY AVAILABLE WITHIN CAMPUS | TRANSPORT FACILITY AVAILABLE

| Course | Qualification | Period | Age Limit |
|---|---|---|---|
| A.N.M Nursing | All Subjects, Inter (10+2) | 2 Years | Min. 17 Years |
| G.N.M. Nursing | All Subjects, Inter (10+2) with Core English - 40% | 3 Years | Min. 17 Years |

Ph. No. & Fax - 0651-2460123/ Mobile No.: 09471552675 & 07367957505

### चार आइपीएस अधिकारी आइजी रैंक में इंपैनल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैडर के चार आइपीएस अधिकारी को केंद्र सरकार ने आइजी रैंक में इंपैनल कर दिया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने एक ऑर्डर जारी किया है। जारी ऑर्डर में कहा गया है कि केंद्र में महानिरीक्षक (आइजी) या समकक्ष पद के लिए कुल 65 भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों के पैनल को मंजूरी दे दी है। इसमें झारखंड कैडर के चार अधिकारी भी शामिल हैं। इनमें 2004 बैच के आइपीएस अमोल वी होमकर और प्रभात कुमार। 2005 बैच के आइपीएस कुलदीप द्विवेदी और 2007 बैच के आइपीएस अधिकारी अनूप बिरथरे।

# संसद का विशेष सत्र बुलायें पीएम मोदी : बंधु तिर्की

**आतंक के खिलाफ लड़ाई में देश एकजुट और पूरी दुनिया को यह संदेश जाये तो बेहतर होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि आतंक के खिलाफ जारी लड़ाई एवं पाकिस्तान के साथ हुए सीजफायर के ताजा घटनाक्रम और अन्य मामलों पर सभी दलों की सहमति जुटाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलायें। उन्होंने कहा कि इससे आतंकियों के साथ ही पाकिस्तान को भी सशक्त संदेश मिलेगा। श्री तिर्की ने कहा कि संसद का विशेष सत्र बुलाना भी आवश्यक है जिसका पूरे देश में न केवल सकारात्मक संदेश जायेगा बल्कि हम सभी की एकता और एकजुटता भी और सुदृढ़ होगा।

श्री तिर्की ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब देश पर संकट आता है। तब-तब राजनीतिक दलों की वैचारिक मतभिन्नता की सारी दीवारें टूट जाती हैं और हम मजबूती के साथ पूरी दुनिया को अपना संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि आज इसी परंपरा के निर्वहन करने का समय आ गया है और सत्तारूढ़ पार्टी होने के नाते भाजपा की जिम्मेदारी अन्य सभी से कहीं ज्यादा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह भरोसा है कि वह बिना किसी पूर्वाग्रह के सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाने के साथ ही संसद के विशेष सत्र को भी बुलायें ताकि पूरी देश-दुनिया में एक संदेश जाये।

श्री तिर्की ने कहा कि सालों-साल से भारत में जारी आतंकी खेल के खिलाफ कांग्रेस सहित समूचा विपक्ष केंद्र सरकार के साथ है और विशेष रूप से कांग्रेस के लिए पहले देश और उसके बाद ही राजनीतिक पार्टी या उसके मुद्दे हैं। कांग्रेस, देश और यहां की एकता, अखंडता, शांति, सौहार्द्र, विश्वास और आपसी एकजुटता के मुद्दे पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करने वाली है।

AV SCHOOL OF NURSING
Mahavir Nagar, East Sarna Toli, Kokar
Ranchi - 834009 (Jharkhand)
E-mail : avschoolofnursing121@gmail.com
Mob. No. : 82106 92090




Course Offered
ANM (2 years)
GNM (3 years)







DAMODAR PRASAD
Director





# रांची में आइएसआइएस, अलकायदा और तालिबान के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाला फरहान गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** आइएसआइएस, अलकायदा और तालिबान के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार हुआ है। रांची पुलिस ने रविवार को फरहान मलिक नाम के युवक को गिरफ़्तार किया है। इसने अलकायदा और तालिबान के समर्थन में पुलिस ने गिरफ़्तार इंस्टाग्राम में पोस्ट किया था। रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह की शिकायत के बाद किया है।

सीपी सिंह ने रांची निवासी फरहान मलिक के मामले में झारखंड पुलिस से एक्शन लेने की अपील की थी और कहा था कि फरहान ने अपने सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें साझा की हैं, वे बेहद भड़काने वाली एवं राष्ट्रीय सुरक्षा व भारत की संप्रभुता से जुड़ी हैं।

इंस्टाग्राम पर गजवा-ए-हिंद का नारा, भारतीय सेना का अपमान और सबसे गंभीर उसने वह झंडा साझा किया है, जो आइएसआइएस, तालिबान, अल-कायदा जैसे अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठनों की पहचान है। यह न केवल खुला राष्ट्रद्रोह है, बल्कि एक आतंकवादी मानसिकता का स्पष्ट संकेत भी है।

# दस महीने बाद भी जेपीएससी मेंस का रिजल्ट नहीं : भाजपा

**अजय शाह ने बताया शासन व्यवस्था की गंभीर नाकामी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के मुताबिक, जेपीएससी मेंस परीक्षा को हुए अब दस महीने से ज्यादा समय बीत चुका है, पर आज तक इसका परिणाम घोषित नहीं किया गया है। प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने इस पर सवाल उठाते कहा है कि यह वही अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने लाखों छात्रों के बीच से निकल कर प्रीलिम्स परीक्षा पास की है। यानी उन्होंने न सिर्फ अपनी मेहनत बल्कि अपनी योग्यता को भी सिद्ध किया है। लेकिन इतनी लंबी प्रतीक्षा और असमंजस के बाद जब यही होनहार छात्र सड़कों पर उतरकर रिजल्ट दो या फांसी दो जैसे नारों के साथ आंदोलन करने को मजबूर हो जायें, तो यह किसी एक परीक्षा की विफलता नहीं बल्कि शासन व्यवस्था की गंभीर नाकामी को दर्शाता है। राजभवन के पास बारिश, आंधी और धूप की परवाह किये बिना धरना दे रहे ये युवा वही हैं जो कल झारखंड की प्रशासनिक रीढ़ बन सकते थे–राज्य की नीति, विकास और न्याय प्रणाली में नेतृत्वकारी भूमिका निभा सकते थे। लेकिन आज वे अपनी पहचान, अपने हक और अपने भविष्य के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

### सिख पंथ के तीसरे गुरु श्रीअमर दासजी का 546वां प्रकाश पर्व मनाया गया

# भले अमरदास गुण तेरे, तेरी उपमा तोहि बनि आवै...

**श्री सहज पाठ साहिब के तीन पाठों की समाप्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में सिख पंथ के तीसरे गुरु श्रीअमर दासजी का 546वां प्रकाश पर्व मनाया गया। इस उपलक्ष्य में 11 मई रविवार को सुबह आठ बजे से सजाये गये विशेष दीवान की शुरुआत हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह द्वारा आसा दी वार कीर्तन से हुई। तत्पश्चात गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथावाचन के माध्यम से गुर इतिहास सुनाते हुए उपस्थित साध संगत को बताया कि रविवार को गुरु अमरदासजी का 546वां प्रकाश पर्व दिवस है। गुरु अमर दास जी ने 62 साल की उम्र में गुरु अंगद देवजी के दर्शन किये और अगले बारह साल तक गुरु महाराज जी की निःस्वार्थ सेवा की और लगातार रोजाना व्यास दरिया से गागर में जल ले आकर गुरु अंगद देवजी महाराज को स्नान कराते थे। गुरु अंगद देवजी ने उनकी सेवा भावना से प्रसन्न होकर हर वर्ष एक सरोपा भेंट किया और उन्हें बारह वर 'निमाणियां दा माण, निताणियां दा ताण, निओटेयां दी ओट, निथावन दे थांव, निआसरिआं दा आसरा, निधरीआं दी धर, निधीरन के धीर, पीरन के पीर, दईआल गई बहोड़, जगत बंदी छोड़, भनण घड़ण समरथ, सब जीवका जिस हथ' दिये और योग्य जानकर सिखों का तीसरा गुरु घोषित किया। गुरु अमर दासजी ने लंगर में पंगत की प्रथा की शुरुआत की, जिसमें कोई भी जाति के लोग ऊंच-नीच का भेद मिटा कर एक कतार में बैठकर लंगर छकते हैं। गुरु अमरदासजी ने कुओं, गुरुद्वारों और समुदाय के लिए स्थानों के निर्माण के लिए धन जुटाने के लिए एक प्रथा शुरू की, जिसमें प्रत्येक सिख को अपनी आय का दसवां हिस्सा धर्मार्थ कार्यों के लिए दसवंध के रूप में दान करने के लिए कहा गया है।

सुबह 9.20 बजे से 9.40 बजे तक प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में चार मई से पढ़े जा रहे श्री सहज पाठ साहिब के तीन पाठों की समाप्ति संगत द्वारा सामूहिक रूप से उच्चारण कर हुई। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह ने भले अमरदास गुण तेरे, तेरी उपमा तोहि बनि आवै... एवं दरस तेरे की पिआस मनि लागी सहज अनंद बसै बैरागी... तथा रामदास सरोवर नाते सब उतरे पाप कमाते... शबद गायन कर संगत को गुरु की वाणी से निहाल किया।

श्री अनंद साहिब के पाठ, अरदास, हुकुमनामा एवं कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ विशेष दीवान की समाप्ति सुबह 10.30 बजे हुई। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने समूह साध संगत को प्रकाश पर्व की बधाई दी। सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने लंगर सेवा के लिए स्वर्गीय बिहारी दास काठपाल के परिवार के बच्चों को गुरु घर का सरोपा ओढ़ा कर सम्मानित किया। दीवान का संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। दीवान समाप्ति के उपरांत सत्संग सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर चलाया गया।

### स्थगित चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा की नयी डेट शीट जारी

# सीए परीक्षाएं अब 16 से 24 मई के बीच होंगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव और देश में सुरक्षा स्थिति को देखते हुए स्थगित की गयी चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) परीक्षाओं की नयी तिथियां घोषित कर दी गयी हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पहले स्थगित की गयी सीए परीक्षाएं अब 16 मई से 24 मई 2025 के बीच आयोजित की जायेंगी। यह निर्णय उन छात्रों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिनकी परीक्षाएं सुरक्षा कारणों से टाल दी गयी थीं।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने छात्रों से अपील की है कि वे संशोधित परीक्षा शेड्यूल के अनुसार तैयारी करें और नियमित रूप से संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेट चेक करते रहें। परीक्षाओं के आयोजन में किसी प्रकार की बाधा न आये, इसके लिए स्थानीय प्रशासन से भी समन्वय स्थापित किया गया है। गौरतलब है कि हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनावपूर्ण हालात के चलते कुछ इलाकों में परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण हो गया था, जिस कारण परीक्षाएं स्थगित कर दी गयी थीं। छात्रों और अभिभावकों ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के इस त्वरित निर्णय और पारदर्शिता की सराहना की है, जिससे हजारों उम्मीदवारों को नयी तिथि के अनुसार अपनी योजना बनाने में आसानी होगी।

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध है नया शेड्यूल छात्र इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर विस्तृत संशोधित परीक्षा कार्यक्रम, एडमिट कार्ड और अन्य दिशा-निर्देश प्राप्त कर सकते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### फ्लोरेंस की बात ही अलग है




रांची (आजाद सिपाही)। फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट आज किसी पहचान का मोहताज नहीं है। रांची से सटा हुआ इरबा आज इस ग्रुप पर गर्व करता है। यह अनायास ही नहीं हुआ है। दरअसल, यहां शिक्षा का स्तर इतना ऊंचा है कि छात्रों को जब यहां मौका नहीं मिलता है, तब ही किसी दूसरे कॉलेज की ओर रुख करते हैं। आज पूरे विश्व में नर्स दिवस का आयोजन हो रहा है। फ्लोरेंस भी इस उत्सव को काफी धूमधाम से मनाने का निश्चय किया है। यहां की लाइब्रेरी और मेस की सुविधा इतनी अच्छी है कि पूरे राज्य में यह मिसाल बन गया है। छात्र-छात्राओं की हॉस्टल व्यवस्था एवं यातायात की सुविधा उच्च स्तरीय है।

### मेधा ब्रांड के मिल्क प्रोडक्ट के दाम बढ़े



रांची (आजाद सिपाही)। मेधा ब्रांड के अलग-अलग दूध प्रोडक्ट (झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड) के दामों में बढ़ोत्तरी की गयी है। मेधा के एमडी के मुताबिक, लागत मूल्य में वृद्धि के कारण 12 मई से मेधा डेयरी के मिल्क प्रोडक्ट में मामूली वृद्धि होगी। मेधा डबल टोंड दूध (स्लिम मिल्क, 1000 एमएल) अब प्रति पैक 46 रुपये की दर पर मिलेंगे जबकि 500 एमएल का 23 रुपया लगेगा। मेधा दूध टोंड (ताजा) के लिए 53 रुपये (1000 एमएल) और 27 रुपये (500 एमएल) देने होंगे। मेधा स्टैंडर्ड दूध के लिए 59 (1000 एमएल) और 30 रुपये (500 एमएल) देने होंगे। मेधा स्टैंडर्ड दूध (शक्ति स्पेशल) के लिए 60 (1000 एम एल) और 31 रुपये (500 एमएल) लगेंगे। मेधा काऊ के लिए 28 रुपये (500 एमएल), मेधा स्टैंडर्ड दूध (शक्ति-खोवा दूध) के लिए 348 रुपये (6000 एमएल) और मेधा टोंड दूध (ताजा छेना दूध, 6000 एमएल) के लिए 312 रुपये लगेंगे।

### श्री राणी सती विद्यालय में मनाया गया मदर्स डे



रांची (आजाद सिपाही)। श्री राणी सती विद्यालय में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। मां और बच्चों का स्वागत किया गया सेल्फी लिया गया। बच्चों ने मां के लिए नृत्य करके उनका मन मोह लिया, विद्यालय के द्वारा बच्चों और मां के बीच में गेम कराया गया और उन्हें पुरस्कृत किया गया। सभी मां को विद्यालय की तरफ से मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर रमेश जलन प्रिंसिपल आरती सिंह सहित सभी शिक्षिकाएं मौजूद थी। रुक्मणी सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### वाइबीएन विवि ने बिरसा कृषि विवि को सेमीफाइनल में हराया



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रांची के मैदान में वाइबीएन विश्वविद्यालय ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को सेमी फाइनल में 6 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में नीतीश कुमार 48 रन के साथ 3 विकेट लेकर मैन ऑफ दी मैच रहे हैं। पुरी टीम के सफल प्रयास के करण वाइबीएन क्रिकेट टीम फाइनल में प्रवेश की। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से 72 रन बने जिसका पीछा करते हुए वाइबीएन ने 10 ओवर 2 बॉल में 73 बनकर जीत हासिल की। इस अवसर पर वाइबीएन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामजी यादव एवं सीएमडी डॉक्टर अंकिता यादव ने खेल प्रशिक्षक सुमित कच्छप एवं उनकी टीम को बधाइयां दी और कहा कि यहा जीत खेल प्रशिक्षक सुमित कश्यप ऐवं उनकी टीम की मेहनत का फल है और मुझे पूरा विश्वास है कि फाइनल भी जीत कर आयेगी। विश्वविद्यालय को जीत की खबर मिलती है विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो कुलपति, निदेशक एचआर, रजिस्ट्रार, अकादमिक डीन, डीएसडब्ल्यू, एनएसएस समन्वय ऐवं सभी संकय के द्वार टीम को ढेर सारी बधाइयां दी गयी।

# झारखंड के कई जिलों में 16 तक लू का अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के अधिकांश जिलों में 16 मई तक लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 12 मई को देवघर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में और 14 मई से गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में कहीं-कहीं लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 14, 15 और 16 मई को दक्षिणी और मध्यवर्ती जिलों में गर्जन के हल्की बारिश होने की संभावना है। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। इससे भीषण गर्मी का एहसास हुआ। शनिवार को बारिश होने के बावजूद गर्मी एयर उमस महससू की गयी। रविवार को रांची में तापमान 36.7, जमशेदपुर में 40.3, डालटेनगंज में 40.1, बोकारो में 39.5, चाइबासा में अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में 206वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**भजन जागरण में भक्तगण खूब झूमे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 206वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। आज का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा महाप्रसाद संस्था की मीरा अडूकिया एवं उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद में सूजी का हलवा, पूड़ी, पुलाव, दाल,आलू चना की सब्जी, आलू चिप्स आदि का वितरण किया गया। इसके बाद दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक भजन- कीर्तन के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। पूरा वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गयी।

ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर में तीन हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, निर्मल छावनिका पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, सुनील पोद्दार, अंजनी अग्रवाल, विष्णु सोनी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार, विशाल जालान, विधा देवी अग्रवाल, मधु जाजोदिया, सुनीता अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार, महेश वर्मा, धीरज गुप्ता, अशोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

# एनएसएस के विशेष शिविर का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडी एवं स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर 2025 के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडी एवं मास कम्युनिकेशन की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ हैप्पी भाटिया ने सात दिन तक शिविर को करने का अनुभव साझा किया। निदेशक डॉ मयंक मिश्रा ने युवा स्वयंसेवकों को ऊर्जा से सात दिन शिविर अच्छी तरह सुरक्षित रूप से समापन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में डॉ निशिकांत एवं डॉ अजित को भी सम्मानित किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर में सात दिन तक लगातार निस्वार्थ भाव से काम कर रहे स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। इनमें रिकेष कुमार भारद्वाज, अली खान, श्रेया कुमारी, अमन तिवारी, दीपशैली, सांभवी शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विधि शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में टीम लीडर - सीमा, सुप्रिया, अन्वेशा, आदित्य, सुजल आदि ने किया।

# एक्वा वर्ल्ड में 'मदर्स डे' भारत माता' को समर्पित रहा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर के द्वारा रविवार को आयोजित मदर्स डे का विशेष कार्यक्रम भारत माता को समर्पित रहा। कार्यक्रम 'मां तुझे सलाम' की थीम पर आधारित रहा। कार्यक्रम की शुरूआत में मिक्सड एलिमेंट्स डांस ग्रुप के द्वारा ' तेरी मिट्टी' और ' देश रंगीला' गीतों पर नृत्य पेश किया गया जिसके कोरियोग्राफर डेविड थे। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले में चंद्रकला, समृद्धि, तृप्ति, खुशी, आराध्या, शांभवी, वैष्णवी, जेम्स, अंशिका, सुहानी, सृष्टि, प्रज्ञा, दृष्टि प्रमुख थे।

एक्वा वर्ल्ड में समर हॉलीडे श्रृंखला की शुरूआत मदर्स डे के कार्यक्रम से हो गयी। इस अवसर पर अनेक सेल्फी प्वाइंट बनाये गये हैं जहां वायु सेना, नौसेना और थल सेना के पराक्रम को दिखाया गया। इसके अतिरिक्त एक सिग्नेचर बूथ भी बनाया गया है जिसमें लोग 'वी स्टैंड विद भारत' की थीम पर हस्ताक्षर कर रहे थे। मदर्स डे पर मम्मी और बच्चों ने भी जमकर आनंद उठाया। मम्मी और बच्चों ने रैंप पर चलकर मां के थीम वाली गीतों पर रैंपवॉक किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रूप में दीपांजलि ग्रुप के निदेशक विपुल नायक, देव ज्योति नाहा, नीतू कुमारी, डेविड आदि मौजूद थे। सभी विजेताओं को एक्वा वर्ल्ड समूह की को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव, प्रद्युम, साहिल, सुचित्रा, लावण्या, सोनाक्षी, ज्योत्सना, रव्या, नेवा, रीवा आदि उपस्थित थे।

### खाद्यान्न का भंडारण एक साथ किये जाने को लेकर बैठक

# जून-जुलाई का खाद्यान्न एक साथ देने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत की अध्यक्षता में रविवार को समाहरणालय सभागार में सभी पणन पदाधिकारी, अनुभाजन क्षेत्र, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी सहायक गोदाम प्रबंधक, जिला परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता के साथ संबंधित कार्यों की समीक्षा रविवार को की गयी।

बैठक में माह मई के आवंटित खाद्यान्न का शत प्रतिशत लाभुकों के बीच वितरण का निर्देश दिया गया। बैठक में माह जून और जुलाई के लिए आवंटित खाद्यान्न का एक साथ अग्रिम लाभुकों के बीच वितरण का निर्देश दिया गया।

उक्त आवंटित खाद्यान्न युद्ध स्तर पर भारतीय खाद्य निगम डीपो से प्राप्त कर अधिक से अधिक वाहनों का प्रयोग कर परिवहन-सह-हथालन अभिकर्ता को जल्द से जल्द जन वितरण प्रणाली की दुकानों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि जिन जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को खाद्यान्न प्राप्त हो चुका है। उसे शत प्रतिशत लाभुकों के बीच वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कहा गया कि किसी भी अनियमितता के लिए संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

# झारखंड राज्य घासी समाज का वनभोज सह मिलन समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रविवार को डुंगरी तुपुदाना के सेनेटोरियम डैम में वनभोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेरमो के एसडीओ मुकेश मछुआ वहीं बिशिट अतिथि पद्मश्री महावीर नायक और पद्मश्री मुकुंद नायक उपस्थित हुए। साथ में अतिथि में पूर्व विधायक रामचंद्र नायक, संदीप टाइगर नायक, मुकेश नायक, संजय नायक, संजय नायक, मनपुरण नायक, महावीर नायक, महावीर राम, विजय शंकर नायक, निरज नायक, राजेश नायक, राजू नायक (डुंगरी) लालधन नायक, लक्ष्मी देवी नायक, मदन नायक शामिल हुए। मुख्य अतिथि मुकेश मछुआ ने कहा कि शिक्षित वनो और आपना हक अधिकार पाने के लिए लड़ाई भी जरूरी है। वहीं मुकुंद नायक ने कहा समाज को आगे बढ़ाने के लिए युवाओ को आगे आने की जरूरत है। वहीं युवा अध्यक्ष संदीप टाइगर ने युवा साथियों से नशा से दूर रहने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय नायक, अजय नायक, पिंटू नायक, राकेश नायक, महावीर नायक, महावीर राम, राजू नायक (डुंगरी) राजू नायक, धरमू नायक, देवानंद नायक, रमेश नायक की अहम भूमिका रही। वहीं संचालन विनोद नायक, महावीर राम ने किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



### रसदा के महुआ टोला में विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले विस्थापित ग्रामीणों की बैठक

# छाई डैम की जमीन पर जबरन कार्य शुरू कराये जाने के विरोध में प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुरकुंडा।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले रविवार को ग्राम रसदा महुआ टोला स्थित श्रीश्री महावीर मंदिर प्रांगण में पीवीयूएनएल से प्रभावित ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता लालू महतो और संचालन सुरेश साहू ने किया। बैठक में शनिवार को छाई डैम की जमीन पर पीवीयूएनएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा बलों की मौजूदगी में जबरन कार्य शुरू कराये जाने की कड़ी निंदा की गयी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने इस कार्रवाई की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि रामगढ़ उपायुक्त ने विधानसभा में लिखित आश्वासन दिया था कि छाई डैम से विस्थापित ग्रामीणों की समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जायेगा। इसके बावजूद जबरन कार्य कराना लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है। विधायक श्री चौधरी ने चेतावनी दी कि जब तक मुआवजा, नौकरी एवं पुनर्वास सुनिश्चित नहीं होता तब तक किसी भी तरह की गतिविधि की अनुमति नहीं दी जायेगी। उन्होंने कहा कि हम सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन के लिए तैयार हैं।

मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद साहू ने चार गांव बलकुदरा, रसदा, जयनगर और गेगदा की जमीन पर बिना उचित मुआवजा के निर्माण कार्यों को गैरकानूनी बताया। उन्होंने मांग की कि या तो मुआवजा व रोजगार दिया जाए या ऐश डायक का निर्माण अन्यत्र किया जाये। बैठक में बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा, राजाराम प्रसाद, प्रदीप महतो, अब्दुल कयूम अंसारी, अलीम अंसारी, मनु मुंडा, कपिल मुंडा, सुभाष साहू, मैनेजर साहू, नागेश्वर महतो, रोहित साव, नागेश्वर साव, सुनील कुमार, कृष्णदेव प्रसाद, किशोर ठाकुर, मुकेश कुमार, बबलू यादव, अर्जुन सिंह, प्रदीप साव, सनोज कुमार, विनोद ठाकुर, भरत साव, राजेंद्र साव, बालचंद साहू, संदीप प्रसाद, अजय कुमार, गुड्डू ठाकुर, आशीष कुमार, अमित कुमार, प्रवीण कुमार आदि सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे।

# शहीद जवान की बेटी वर्तिका बोली- पाकिस्तान को खत्म कर देना चाहिए

## कहा-पिता की शहादत का बदला लूंगी





**एजेंसी**

**झुंझुनू (राजस्थान)।** देश की रक्षा करते हुए ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए झुंझुनू के वीर सपूत सुरेंद्र कुमार का पार्थिव शरीर रविवार को सुबह सैन्य सम्मान के साथ झुंझुनू लाया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर रामावतार मीणा और पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी भी मौजूद रहे।

देश की सीमा की रक्षा करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए झुंझुनू जिले के वीर सपूत सुरेंद्र कुमार का पार्थिव शरीर रविवार की सुबह सैन्य सम्मान के साथ झुंझुनू पहुंचा। इसके बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव मेहरादासी (तहसील मंडावा) ले जाया गया, जहां उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गयी।

'मेरे पापा पर मुझे गर्व है'

शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा की बेटी वर्तिका ने कहा, मुझे गर्व है कि मेरे पापा देश की रक्षा करते हुए दुश्मनों को मारते हुए शहीद हुए। हमने उनसे आखिरी बार कल रात 9 बजे बात की थी। उन्होंने कहा था कि ड्रोन घूम रहे हैं लेकिन हमला नहीं कर रहे। पाकिस्तान को पूरी तरह खत्म कर देना चाहिए। मैं भी अपने पापा की तरह सैनिक बनना चाहती हूं और उनकी शहादत का बदला लूंगी। एक-एक को खत्म करूंगी।

### शहीद सुरेंद्र कुमार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

शहीद सुरेंद्र कुमार का अंतिम संस्कार झुंझुनू जिले के मंडावा में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। अंतिम संस्कार में जिले के प्रभारी कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद डोटासरा, झुंझुनू सांसद बृजेंद्र ओला, मंडावा विधायक रीटा चौधरी, मदरसा बोर्ड अध्यक्ष एमडी चोपदार, नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा भी पहुंचे। शहीद सुरेंद्र कुमार 15 अप्रैल को ही अपने परिवार से मिलकर ड्यूटी पर लौटे थे। वे अपने पीछे 8 साल की बेटी और 5 साल का बेटा छोड़ गये हैं। परिजनों ने बताया कि उन्होंने हाल ही में गांव में नया मकान बनवाया था और कुछ दिन पहले ही गृह प्रवेश हुआ था। गांव में वे युवाओं को सेना में भर्ती की तैयारी करवाते थे और कई नौजवानों के लिए प्रेरणा का स्रोत थे।

# अनियंत्रित हाइवा घर में घुसा, एक की मौत, दो गंभीर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** जिला प्रशासन की तमाम प्रयासों के बावजूद चतरा में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि हर रोज सड़क हादसों में लोग घायल हो रहे हैं या हर वर्ष सड़क हादसा में दर्जनों लोगों की असमय मौत हो रही है। हंटरगंज थाना क्षेत्र के पांडेयपुरा पंचायत के नावाडीह गांव के साधु मिस्त्री के घर में मां गायत्री ट्रांसपोर्ट का बेलगाम हाइवा जा घुसा। जिसमें घर मालिक साधु मिस्त्री की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जबकि बहू शिवरानी देवी और चालक गिरधर सिंह की हालत नाजुक बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक दोनों घायलों के साथ अपने घर के बाहर चौकी पर बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान हंटरगंज की ओर से तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित हाइवा वाहन सीधे घर में घुस गया और चौकी पर बैठे सभी लोगों को रौंद डाला। शिवरानी देवी मृतक की पतोहू है। वहीं घायल गिरधारी प्रसाद सिंह मृतक साधु मिस्त्री के मारुति वैन का चालक है। वह छत्तीसगढ़ का रहने वाला है गाड़ी लेकर साधु मिस्त्री के गांव आया था। मारुति वैन भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी है। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवा चालक को बंधक बनाकर घर में रखे थे। लेकिन पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर हाइवा चालक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# हाइवा की चपेट में आने से दो बाइक सवार की मौत



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** साकची हाथी घोड़ा मंदिर के पास तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से दो बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गये। घटना रविवार की बतायी जा रही है।इसके बाद मुख्य सड़क में अफरा-तफरी मच गयी। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़क पर जमा हो गये। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। साथ ही घायलों को तत्काल लेकर एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। बताया जा रहा कि दोनों ही सोनारी के रहने वाले हैं। उनकी पहचान सोनारी पंचवटी नगर निवासी सुबेदार प्रसाद (50) और सोनारी ग्वाला बस्ती निवासी रोहित सोरेन (40) के रूप में हुई है।दोनों डिमना क्षेत्र में अनलोडिंग का कार्य कर घर लौट रहे थे।इसी बीच हाइवा की चपेट में आ गये।उधर, दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा एवं तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण करने की मांग उठाई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर आगे की कारवाई में जुट गयी है।

# राजीव सिनेमा हॉल के संचालक सह बिहार के पूर्व विधायक आरएन सिंह का निधन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ स्थित राजीव सिनेमा हॉल के संचालक सह बिहार के परबत्ता विधानसभा के पूर्व विधायक सह बिहार सरकार के पूर्व परिवहन मंत्री रामानंद प्रसाद सिंह (आर एन सिंह) का शनिवार की देर शाम पटना स्थित मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। आर एन सिंह 83 वर्ष के उम्र में अंतिम सांस ली। विश्व हिंदू परिषद के रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा ने कहा कि पूर्व विधायक आरएन सिंह के निधन रामगढ़ में शोक की लहर है,वे बहुत ही मृदभाषी, मिलनसार और सामाजिक व्यक्ति थे। उन्होंने रामगढ़ में राजीव सिनेमा हॉल की स्थापना की थी।

# हिमाचल से उठी मांग, तुर्किये से सेब आयात पर प्रतिबंध लगाये भारत सरकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**शिमला।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच तुर्किये की ओर से पाकिस्तान की मदद करने से हिमाचल के बागवान खफा हो गये हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि तुर्किये से सेब समेत हर प्रकार के आयात पर प्रतिबंध लगाया जाये।

हिमाचल प्रदेश फूल, फल एवं सब्जी उत्पादक संघ के अध्यक्ष हरीश चौहान ने कहा कि तुर्किये से बड़ी मात्रा में सेब भारत के लिए आयात किया जाता है। इसका असर हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों की आमदनी पर पड़ रहा है। यानी तुर्की का सेब देश के बाजारों में अटा पड़ा होने से हिमाचल प्रदेश के सेब को उचित दाम नहीं मिल पाते हैं। उन्होंने कहा कि तुर्किये ने पाकिस्तान का साथ देकर भारत के साथ विश्वासघात किया है। ऐसे में उसके साथ व्यापारिक समझौतों की समीक्षा होनी चाहिए ।

### तुर्किये ने भारत की पीठ में छुरा घोंपा

इसी प्रकार से कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि भारत को तुर्किये से सेब और अन्य सामान के आयात पर तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देशवासियों को इस कृतघ्न देश को सबक सिखाने के लिए पर्यटन और उसके सामान का बहिष्कार करना चाहिए।

राठौर ने कहा कि जब तुर्किये में विनाशकारी भूकंप आया था, तब भारत ने एनडीआरएफ और सहायता को भेजा था। इस तरह की सहायता भेजकर भारत ने ऑपरेशन दोस्त शुरू किया था। भारत ने मलबे में फंसे लोगों की मदद के लिए गरुड़ एयरोस्पेस ड्रोन भेजे और दवा व भोजन ले जाने के लिए मॉडिफाइड किसान ड्रोन भेजे। अब उसी कृतघ्न देश ने ऑपरेशन दोस्त के लिए धन्यवाद देने के बजाय भारत की पीठ में छुरा घोंपा है।

# महिला को प्रताड़ित करने के आरोप में चार पर मामला दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुरी निवासी पूर्णिमा पाण्डेय ने अपने पति और ससुराल के अन्य सदस्यों पर दहेज प्रताड़ना और मारपीट का गंभीर आरोप लगाते हुए सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2021 में रांची जिले के नेवरी विकास ग्राम निवासी कुमार अभिषेक के साथ सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया और दहेज की मांग शुरू हो गयी।

पूर्णिमा का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उससे लगातार दस लाख रुपये नकद दहेज की मांग कर रहे थे। इस मांग में उसके पति कुमार अभिषेक का भी सक्रिय सहयोग था। जब उसने दहेज देने से इनकार किया, तो उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने बताया कि उसे आये दिन गाली-गलौज, मारपीट और अपमानित किया जाता था। कई बार उसे मायके भेजने की धमकी भी दी गयी। शिकायत के अनुसार, ससुर श्रीकांत पांडेय, सास शोभा देवी और देवर कुमार श्रेयांस भी दहेज मांगने और प्रताड़ना में शामिल थे। आरोप है कि सभी ने मिलकर उसे मानसिक रूप से तोड़ने की कोशिश की और कई बार उसके साथ हिंसक व्यवहार किया गया। पीड़िता की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने आरोपी पति कुमार अभिषेक, ससुर श्रीकांत पांडेय, सास शोभा देवी और देवर कुमार श्रेयांस के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता और दहेज निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कांड संख्या 54/2025 दर्ज की है। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है और जल्द ही आरोपियों से पूछताछ कर कार्रवाई की जायेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़िता को सुरक्षा प्रदान करने पर भी विचार किया जा रहा है। थाने में पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है और चिकित्सकीय जांच की प्रक्रिया भी शुरू की गयी है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए (पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा स्त्री के साथ क्रूरता), धारा 323 (मारपीट), धारा 504 (अपमान करना), एवं दहेज निषेध अधिनियम 1961 की धाराएं इस मामले में लगायी गयी हैं।

# हजारीबाग में शतरंज का महासंग्राम शुरू 600 से अधिक खिलाड़ी ले रहे भाग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन की अधिकृत अनुमति से शंकरपुर स्थित एंजेल हाइस्कूल परिसर में तृतीय एचडीसीए ऑल इंडिया ओपन फाइड रेटिंग चेस टूर्नामेंट 2025 का रविवार को विधिवत उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों के साथ शतरंज की पहली चाल चलकर टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन किया। पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 11 से 15 मई तक आयोजित की जा रही है, जिसमें 13 राज्यों से आये 600 से अधिक प्रतिभागी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता विविध आयु-वर्ग के लिए खुली है सबसे कम उम्र के प्रतिभागी मात्र चार वर्ष के हैं, वहीं सबसे वरिष्ठ प्रतिभागी की आयु 84 वर्ष है।

**पुरस्कार राशि कुल 4.5 लाख है**

प्रतियोगिता के विजेताओं हेतु कुल 4,50,000/- (चार लाख पचास हजार रुपये) की पुरस्कार राशि निर्धारित की गयी है, जिसमें प्रथम स्थान 71,000, द्वितीय स्थान 40,000, तृतीय स्थान 25,000, चतुर्थ स्थान 15,000, पांचवां स्थान 11,000, छठा से दसवां स्थान 8,000 प्रति विजेता, ग्यारहवां से पंद्रहवां स्थान 6,500 प्रति विजेता, सोलहवां से पच्चीसवां स्थान 5,500 प्रति विजेता, छब्बीसवां से पैंतीसवां स्थान 3,500 प्रति विजेता को दिया जायेगा। यह पुरस्कार वितरण न केवल प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु है, बल्कि हजारीबाग को राष्ट्रीय शतरंज मानचित्र पर गौरवपूर्ण स्थान प्रदान करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। समापन समारोह 15 मई को आयोजित किया जायेगा, जिसमें सभी विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि खेल-खेलने और इंजॉय करने के लिए होता है, जीत- हार खेल की एक सतत प्रक्रिया है जिससे होकर हर खिलाड़ी गुजरते हैं। प्रतियोगिता में आप पूरी निष्ठा से खेलें और अपना सर्वश्रेष्ठ दें। चेस दिमाग और अनुभव का खेल है और इसे खेलने वाले का दिमाग हमेशा शार्प रहता है साथ इन्वेस्ट मेंटल एक्सरसाइज भी होता है।

कार्यक्रम के डायरेक्टर करण जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग में इतने बड़े स्तर पर अखिल भारतीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हमारे जिले के लिए गर्व का विषय है। उद्घाटन के मौके पर विशेषरूप से कार्यक्रम के इस प्रतियोगिता के डायरेक्टर करण जायसवाल, एंजेल हाइस्कूल की निदेशिका निशा जायसवाल, हजारीबाग जिला चेस संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सचिव मनमीत अकेला, चीफ आर्बिटर विशाल मिंज,आर्बिटर विकार कुमार, जमशेदपुर संगठन के सचिव जयंत भुईयां सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बिच्छू काटने के बाद मां की झाड़-फूंक कराने गयी बेटी के साथ छेड़खानी-मारपीट, थाना में शिकायत

## पीड़िता के भाई के साथ भी मारपीट, मोटरसाइकिल फूंकी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नौडीहा बाजार/पलामू।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पंचायत के पोखराहा ग्राम में एक युवती के साथ छेड़खानी और मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। इस बाबत पीड़िता ने थाना में शिकायत भी दर्ज करायी है। पीड़िता ने बताया कि शनिवार की रात उसकी मां को बिच्छू ने काट लिया था। जिसके बाद वह अपनी मां को लेकर झाड़फूक कराने गयी थी। इसी दौरान लवकुश नामक एक युवक ने उसके साथ छेड़खानी की। वहीं, पीड़िता के भाई आकाश कुमार ने बताया कि शनिवार की रात करीब आठ बजे उसकी मां को बिच्छू काट लिया था। घर में मां और बहन के अलावा कोई नहीं था। उसकी बहन मां को लेकर झरवाने के लिए गयी थी। वहीं पर लवकुश नाम का लड़का था, जिसने उसकी बहन का हाथ पकड़ लिया और अभद्र तरीके से व्यवहार करने लगा। इतने में उसकी बहन चिल्लाई तो आसपास के लोगों ने उसे डांट कर भगा दिया। आकाश ने बताया कि वो अपने दोस्त के बाइक से तिलक चढ़ाने गया था। घर से इस घटना के संबंध में फोन आया। उसका मेरा एक भाई हरिहरगंज थाना क्षेत्र में रहता है उसे भी सूचना दी गयी। जिसके बाद वे लोग बाइक से लवकुश पटेल के पिता राजू प्रसाद सिंह के घर उसे समझाने पहुंचे थे। इतने में उनलोग ने कुछ समझने के बजाय झगड़ा शुरू कर दिया। बात बढ़कर हाथापाई पर पहुंच गयी। इसके बाद वे लोग अपने घर से धारदार हथियार टांगी निकाल कर वार करने लगे। इसमें मेरी बहन का हाथ भी चोटिल हो गया। इसके बाद वे लोग वहां से दोनों बाइक छोड़कर भाग गये और थाना में जाकर सूचना दी। इसी बीच हमलावरों ने उन दोनों की बाइक में आग लगा दिया। दूसरी ओर, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामले के संबंध में आवेदन आया है। दोनों तरफ से मारपीट का आरोप लगाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# नीट पात्रता परीक्षा में धोखाधड़ी चिंताजनक!

नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा प्रतिवर्ष एमबीबीएस, बीडीएस कक्षाओं में प्रवेश के लिए किया जाता है। नीट परीक्षा पास करना मैडीकल में करियर बनाने वाले लाखों छात्र-छात्राओं का सपना होता है। इसीलिए इस परीक्षा में हेराफेरी करवाने वाले भी असली उम्मीदवारों के स्थान पर नकली उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठा कर या नकल करवा कर लाखों रुपये कमा रहे हैं। लंबे समय से यह सिलसिला जारी है। नीट की परीक्षा में वास्तविक उम्मीदवारों के स्थान पर नकली उम्मीदवारों को बिठाकर या नकल करवाने का झांसा देकर ठगी के अनेक मामले इस वर्ष भी सामने आए हैं, जिसके कई उदाहरण दर्ज हैं : 3 मई को जयपुर में करणी विहार की पुलिस ने नीट परीक्षा में नकली कैंडीडेट बिठाने वाले गिरोह के 5 शातिरों को गिरफ्तार किया। इनमें दूसरे छात्र के स्थान पर बैठने वाले शातिरों में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर का एक छात्र भी शामिल था। इसके अलावा अन्य 2 आरोपी भी मेडीकल के छात्र हैं, जिनके पास से परीक्षा के फेक डाक्यूमेंट तथा विभिन्न छात्रों से लिए 50,000 रुपये भी बरामद किये गये। 3 मई को ही समस्तीपुर में नीट की परीक्षा में असली उम्मीदवार के स्थान पर नकली उम्मीदवार को बिठाने के आरोप में एक सरकारी चिकित्सक सहित 2 शातिरों डॉ रंजीत कुमार और राम बाबू मलिक को गिरफ्तार करके पुलिस ने उनके पास से एक कार, 50,000 रुपये नकद और 3 मोबाइल फोन बरामद किये। 4 मई को उत्तर प्रदेश की विशेष पुलिस टीम ने नीट परीक्षा में परीक्षार्थियों को पास करवाने के नाम पर उनसे ठगी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके पास से 10 मोबाइल फोन, 2 आधार कार्ड, पैन कार्ड, क्रैडिट कार्ड, वोटर कार्ड, पासपोर्ट, चैकबुक, लैपटॉप, एक कार और उम्मीदवारों की डाटा शीट बरामद किया। 5 मई को राजस्थान स्पैशल आप्रेशन ग्रुप (एसओजी) ने मेडीकल प्रवेश परीक्षा नीट में सहायता के नाम पर 40 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करके 3 लोगों को गिरफ्तार किया। 5 मई को ही कानपुर पुलिस ने समस्तीपुर में एक सॉल्वर गैंग तथा नोएडा में नीट परीक्षा पास करवाने का झांसा देकर ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर नीट परीक्षा में फर्जीवाड़े की कोशिशों को नाकाम किया। 5 मई को ही भुवनेश्वर (ओडिशा) पुलिस ने मैडीकल कालेज में दाखिला दिलवाने के लिए नीट के उम्मीदवारों से पैसे लेने के आरोप में एक अंतर्राज्यीय गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार किया। इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा में धोखाधड़ी और हेराफेरी द्वारा मेधावी छात्रों के अधिकारों पर डाका मारने के ये तो कुछ ऐसे मामले हैं, जो पकड़े गये हैं, परंतु कई मामले ऐसे भी हुए होंगे, जिनमें जालसाज अपने उद्देश्य में सफल हो गये होंगे। अतः ऐसे आचरण में लिप्त होने वाले छात्रों और जालसाजों दोनों के ही विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की आवश्यकता है, ताकि इस बुराई पर रोक लगायी जा सके।

**इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा में धोखाधड़ी और हेराफेरी द्वारा मेधावी छात्रों के अधिकारों पर डाका मारने के ये तो कुछ ऐसे मामले हैं, जो पकड़े गये हैं, परंतु कई मामले ऐसे भी हुए होंगे, जिनमें जालसाज अपने उद्देश्य में सफल हो गये होंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**श्रीश्रीआनंदमूर्तिजी ने विश्व बंधुत्व को अंगीकार किया। जाति बंधन विहीन समाज निर्माण के लिए अंतरजातीय विवाह को प्रोत्साहित किया। आज 180 से अधिक देशों में आनंद मार्ग के अनुवाई 20वीं शताब्दी के महान दार्शनिक, युगद्रष्टा, भविष्यवक्ता, भाषाविद, संगीतकार और समाज सुधारक श्रीश्री आनंदमूर्तिजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मना रहे हैं।**

# नूतन मानव समाज और जगत कल्याण के लिए अवतरित श्रीश्री आनंदमूर्ति



प्रो राज मोहन



**वैशाखी पूर्णिमा पर विशेष : श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का जन्मोत्सव आज**

आज आनंदमार्ग के संस्थापक, महासंभूति, तांत्रिक, महाकाल, भगवान, श्रीश्री आनंदमूर्तिजी की 104 वीं जयंती है। आनंदमार्ग के अनुवाई इन्हें प्यार से 'बाबा' कहते है। लौहनगरी जमालपुर के केशवपुर मोहल्ले में स्थित तत्कालीन खपड़ैल के मकान में वैशाखी पूर्णिमा 1921ई. में उनका जन्म हुआ। इस लिए आनंदमार्गी वैशाखी पूर्णिमा/बुद्ध पूर्णिमा को आनंदपूर्णिमा कहते है। जब अनंत आकाश के पूर्व क्षितिज पर भास्कर अपने स्वर्णिम आभा बिखरते हुए प्रातः काल के आगमन की सूचना दे रहा था, ठीक उसी समय 6:07 में इस धरती पर उनका अभिभाव हुआ। विश्व जनमानस जड़वादी तरंगों के आगोश में था। पश्चिमी सभ्यता पूरी तरह लोगों के हृदय में घर कर गयी थी, ऐसे समय में श्रीश्री आनंदमूर्तिजी ने आध्यात्मिक तरंगों से उसका प्रतिरुप शुरू किया जो आज भी जारी है। आनंदमूर्तिजी ने मनुष्यों के चरम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, जहां अभिन्न तंत्र योग साधना का परिवर्तन किया। वहीं उन्होंने जगत की अपेक्षित सत्य के रूप में स्वीकार किया। उनके पिता लक्ष्मी नारायण सरकार एवं माता आभा रानी सरकार के गोद में शिशु रूप में पुत्ररत्न पाकर अलादीत हुए। यही शिशु क्रमशः अरुण प्रभात, बुबु आदि नाम से परिवार के बीच संबोधित किया जाने लगा। इन्होंने विभिन्न तरह के बाल लीलाएं करते हुए तरुण अवस्था तक शिक्षा प्राप्त की। ईश्वर सागर कॉलेज, कोलकाता से इंटर की पढ़ाई पूरी की। जमालपुर रेल कारखाने के लेखा विभाग में वे कार्यरत थे। इन्होंने जमालपुर स्थित 5 जनवरी 1955 ई. में रामपुर कॉलोनी के रेलवे क्वार्टर में आनंद मार्ग प्रचारक संघ नाम की स्थापना का स्थापित कर विश्व प्रसिद्ध सद्गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हुए। आनंदमूर्तिजी नूतन भेद रहित समतामूलक समाज निर्माण आनंद मार्ग के प्रसार, जनकल्याण, सेवा, कार्य क्रम विस्तार के कारण 31 दिसंबर 1966 में रेलवे विभाग की नौकरी से त्यागपत्र देकर आजीवन 21 अक्टूबर 1990 तक संस्था के विकास कार्य में पूर्ण रूपेण समर्पित हो गये।

उन्होंने भौतिकवादी अर्थात जड़वादी मान्यताओं में फंस कर कराहते हुए मानवता के अध्यात्मवादी मानवता में प्रतिष्ठित करने हेतु 'आत्म मोक्षार्थम जगत हितायत' का संदेश दिया और मानव समाज की स्थापना हेतु विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए अनेक संगठन बनाया।

**आनंदमार्गियों के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण स्थल : बाघ कब्र-** लौह नगरी जमालपुर स्थित बाघ कब्र है। आनंदमूर्ति तरुण अवस्था से ही भ्रमण के शौकीन थे। 8 वर्ष की आयु में काली पहाड़ी के पीछे जंगल में बाघ के पीठ पर बैठकर घूमते देखे गए थे तो ऐसा लगा मानो आनंदमूर्ति की इस सृष्टि जगत की समस्त जीव जंतुओं से मित्रता है। वे जमालपुर के पूर्व दिशा में स्थित पहाड़ी पर तथा उसकी तराई में स्थित मैदान में संध्या काल में घूमने जाया करते थे। वह मैदान उस समय घने जंगल से आच्छादित था। जहां वन्य जीवों का भी भ्रमण होता था। एशियाई प्रसिद्ध रेल कारखाने के ऑफिसर की भिड़ंत एक दिन एक बाघ से हुआ और दोनों का प्राणांत हो गया। बाघ और अंग्रेज का कब्र मैदान के बीच में स्थित है। बाघ कब्र पर बाबा आनंदमूर्ति बैठकर अपने भक्तों के बीच प्रवचन देते थे। शिष्यों के माध्यम से आनंद मार्ग के विभिन्न धर्म शास्त्रों की रचना करते थे और ध्यान लगाते थे। आज यही बाघ कब्र उनके प्रिय भक्तों का दर्शनीय स्थल, साधना स्थल और तंत्र पीठ के रूप में प्रसिद्ध है। बाघ कब्र से पूर्व दक्षिण की ओर कुछ दूर पर तीन ताड़ के पेड़ थे। इसके बारे में बाबा आनंदमूर्ति ने बताया था कि यह तीन ताड़ के वृक्ष अपने पूर्व जीवन में मनुष्य शरीर धारी महान साधक थे, किंतु कुछ गलतियों के कारण कर्म फल भोग हेतु उन्हें ताड़ वृक्ष योनि में जन्म लेना पड़ा। इसी बाघ कब्र पर रामकृष्ण परमहंस के गुरु तोतापुरी तथा लौकिक रूप से मामा कहलाने वाले क्रांतिकारी महान साधक सुभाष चंद्र बोस को बाबा से मिलने आये थे। 1934 ई. में मानवेंद्र नाथ राय और सुभाष चंद्र बोस को तंत्र की साधना सिखाई। यह वही स्थल है, जहां श्रीश्री आनंदमूर्ति मोमबत्ती के प्रकाश में दार्शनिक पुस्तक लिखने थे। आनंद मार्ग दर्शन, देशभक्तों के प्रति, योग चिकित्सा एवं द्रव्य गुण, आइडिया एंड आइडियोलॉजी, आनंद सूत्रम जैसी पुस्तक लिखी थी।

**मृत्यु घाटी-** काली पहाड़ी पर एक घाटी है जिसे मृत्यु घाटी के नाम से जाना जाता है। कुछ वर्ष पूर्व तक यहां जंगली जानवर प्यास बुझाने के लिए विचरण किया करते थे। यह स्थल आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील और शक्ति संपन्न है।

**काली पहाड़ी-** बाबा आनंदमूर्ति जमालपुर स्थित काली पहाड़ी पर अपने भ्रमण के क्रम में ध्यान लगाते थे, जो आज तंत्र पीठ के रूप में भक्तों के लिये दर्शनीय स्थल है। इसी पहाड़ी पर बाबा भक्तों के बीच अपने कथन की पुष्टि हेतु अनेक तरह के डेमोंस्ट्रेशन दिया करते थे। उन्होंने भक्तों को अनेक तरह की अनुभूतियों दिलाये। इमली के पेड़ जमालपुर स्थित फिल्टर हिल के दक्षिण दिशा वाले तराई क्षेत्र को लोग मौत की घाटी के नाम से भी जानते हैं। इस क्षेत्र में अवस्थित इमली की पेड़ के नीचे बाबा बाल्यावस्था में आनंदमूर्ति बैठकर साधना ध्यान किया करते थे। उन्होंने अपने इस क्रियाकलाप द्वारा जनमानस की इस अवधारणा को संभवतः झुठलाने का प्रयास किया कि इमली के पेड़ की हवा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है। आज वही विशाल इमली का पेड़ साधकों के लिए तंत्र पीठ सिद्ध तंत्र पीठ के रूप में प्रसिद्ध है।

**आनंदनगर-** पुरुलिया जिला स्थित पुनदाग (पश्चिम बंगाल) आनंद नगर शिक्षा, सेवा और अध्यात्म का केंद्र है। जिसकी स्थापना मानव सेवार्थ 1963 में की गयी थी। 1600 एकड़ में फैला आनंद नगर का यह भू-भाग वर्तमान में विश्व भर की सभी शाखों का मुख्यालय है। मुख्यालय का एक और जहां पूरे विश्व में फैले शाखों का संचालन करता है। वहीं दूसरी ओर पुनदाग से सटे लगभग 52 गांव में शिक्षा, सेवा और अध्यात्म का दीप भी जलाता है। आनंद नगर में 32 प्राथमिक व एक उच्च विद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, वेटरनरी कॉलेज, आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय, आदि शिक्षण संस्थान सहित अस्पताल फैक्ट्रियां एवं अनाथालय संचालित है। शिक्षण संस्थानों में देश भर के हजारों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। आसपास के गांव में चिकित्सा शिविर लगाया जाता है। आनंदमार्गियों का यह केंद्र एक मनोरम स्थल भी है। प्रथम महासंभूति भगवान शंकर की साधना स्थली रही है।

**तिलजला-** तिलजला श्रीश्री आनंदमूर्तिजी का समाधि स्थल है। साथ ही कई दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। 1980 से कोलकाता प्रवास किये। जहां द्वितीय महासंभूति तारक ब्रह्म श्रीकृष्ण का वर्णन, माइक्रोवाइटा,1982-1990 ई. तक आठ वर्ष में प्रभात संगीत (5018), भाषा विज्ञान की 40 किताब की रचना की। यहां देश- विदेश के स्टोन और डायनासोर के अवशेष संग्रालय में सुरक्षित है। दोपहर दो बजे 21 अक्टूबर 1991 को अंतिम सांस ली, जिनकी अन्त्योष्ठी 6 दिन बाद हुई। इस लिए प्रत्येक वर्ष 6 दिन का अखंड कीर्तन (बाबा नाम केवलम) होता है, जिसमें देश-विदेश के आनंदमार्गी शामिल होते है। इस सृष्टि के सभी जीव जंतुओं से मित्रता थी इसकी सार्थकता तब सिद्ध हुई, जब उन्होंने ले गार्डन में देश-विदेश के 40000 प्रजातियों वाले पौधों का बगीचा कोलकाता में लगाया। अमझरिया- लातेहार जिला स्थित अमझरिया 'बाबा नाम केवलम' अखंड कीर्तन का उद्गम स्थल है। इसलिए आनंदमार्गियों के लिए ऐतिहासिक भूमि के रूप में जानी जाती है। 6 अक्टूबर 1970 ई. में श्रीश्री आनंदमूर्तिजी ने अपने परिवार और चुनिंदे भक्तों के साथ आदिवासी क्षेत्र पहाड़ों और वनों से आच्छादित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में प्रवास किया। 7 अक्टूबर 1970 को कीर्तन के इतिहास, महिमा और लाभ पर संबोधित किया। 8 अक्टूबर 1970 को अंतरिक्ष में बाबा नाम केवलम कीर्तन की गूंज अपने शिष्य को सुनाया। उसी समय भक्त कीर्तन मंडली तैयार किए और कीर्तन प्रारंभ किये। जहां बाबा ने खुद खड़े होकर दोनों हाथ प्रणाम की मुद्रा में रखा और दाहिने पैर को बायें पैर की एड़ी के पास स्पर्श करने को कहा कीर्तन गये और नृत्य करके दिखायें। यह कीर्तन जड़ को भी चेतन की ओर ले जायेगा इसमें आध्यात्मिक शक्ति संपादित है। कीर्तन के अंत के समय भक्तों ने देखा की मोटर गाड़ी जहां खड़ी थी, वहां से कीर्तन पंडाल की तरफ आगे बढ़ने लगी।

श्रीश्रीआनंदमूर्तिजी ने विश्व बंधुत्व को अंगीकार किया। जाति बंधन विहीन समाज निर्माण के लिए अंतरजातीय विवाह को प्रोत्साहित किया। आज 180 से अधिक देशों में आनंद मार्ग के अनुवाई 20वीं शताब्दी के महान दार्शनिक, युगद्रष्टा, भविष्यवक्ता, भाषाविद, संगीतकार और समाज सुधारक श्रीश्री आनंदमूर्तिजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मना रहे हैं।

**(लेखक : सहायक प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष-समाजशास्त्र विभाग, गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा,**

## कोल्हान की खबरें

# विधायक मंगल कालिंदी ने 36.68 लाख की विकास योजना का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधानसभा क्षेत्र के सरकारी मध्य विद्यालय हुरलुंग में चार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया रविवार को झारखंड सरकार की अनाबद्ध निधि से स्वीकृत जिला अनाबद्ध योजना के अंतर्गत 36.68 लाख की लागत से निर्मित योजना का शिलान्यास के दौरान ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताते हुए भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने कहा जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव मे सरकार के विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना ही मुख्य लक्ष्य है ताकि गांव के अंतिम पायदान पर बैठे जरूरतमंदों तक सरकारी लाभ पहुच सके।

विधायक ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार सभी वर्गों के छात्रों, मजदूरों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य सरकार की योजनाएं जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में सभी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए हर स्तर पर निरंतर प्रयास की जारही और आगे भी करते रहेंगे।

इस मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कुल 36,68,000 रुपये की लागत से बनने वाली निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए ठेकेदार को समयबद्ध एवं उत्तम निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक और अभिभावक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सोनारी आर्किड रेजिडेंसी क्लब हाउस में समर कैंप

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शिवम शिल्प कला के द्वारा सोनारी स्थित आर्किड रेजिडेंसी क्लब हाउस में चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। रविवार से बच्चों के लिए बिट द हिट थीम पर आधारित तीन दिवसीय समर कैंप का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना और गर्मी की छुट्टियों को मनोरंजन व सीखने के अनोखे अनुभव में बदलना है। इस अवसर पर सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के जेनरल सेक्रेटरी मानव केडिया, समाज सेविका पूरबी घोष एवं संस्था की अध्यक्ष मधु सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर बच्चों ने उद्घाटन कार्यक्रम को रंगारंग बनाते हुए मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। श्रीजीत द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी के कविता की संगीतमय प्रस्तुति और विशेष रूप से सक्षम बालक जीत द्वारा प्रस्तुत कश्मीर पर आधारित गीत ने दर्शकों का मन मोह लिया। चार दिवसीय समर कैंप में बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट,थंब पेंटिंग, क्ले आर्ट, पेपर आर्ट, ब्रेन बूस्टिंग एक्सरसाइज और आउटडोर गेम्स का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कैंप के सफल आयोजन के लिए संस्था के सक्रिय सदस्यों रिधिमा, टिया, माधुरी, ख्वाइश, पिंकी, आभा, सोनू, पारी, आशिता, शिल्पी, चमन और जय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में धन्यवाद ज्ञापन निशा सिंहब ने की।

# आजा नचले सीजन-15 का आयोजन सांस्कृतिक रंग में रंगा जगन्नाथपुर



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड स्थित ग्राम जगन्नाथपुर में आजा नचले सीजन-15 का आयोजन किया गया। रविवार को सांस्कृतिक महोत्सव में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री रामदास सोरेन शामिल हुए। मौके पर आयोजन कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। सांस्कृतिक महोत्सव में झारखंड, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल से आए डांस टीमों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री रामदास सोरेन ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। यह आयोजन न सिर्फ स्थानीय कलाकारों के लिए एक सशक्त मंच बना, बल्कि क्षेत्रीय सांस्कृतिक एकता और सौहार्द को भी मजबूती दी।

# यूरोकिड्ज इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया विश्व मातृत्व दिवस, विजेता टीम सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** विश्व मातृत्व दिवस के अवसर पर यूरोकिड्ज इंटरनेशनल स्कूल मानगो में विद्यार्थियों की माताओं के लिए एक भव्य मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को पूरा विद्यालय परिसर उत्सवमय माहौल से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनन्या दत्ता के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने कहा दुनिया में मां से बड़ा कोई शब्द नहीं है और ना ही मां के आंचल से बड़ी कोई छाया। उन्होंने मां की ममता, स्नेह और अनुशासन की भावना को उजागर करते हुए मातृत्व के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही विद्यार्थियों को मां का सम्मान करने एवं उनके मार्गदर्शन का पालन करने की प्रेरणा दी। मौके पर उपस्थित सभी माताओं को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान माताओं के लिए विभिन्न रोमांचक और मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया। इसमें सभी माताओं ने हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली माताओं और उनकी संतानों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विजेताओं में लाडली कौर व गुरलीन कौर, संध्या कुमारी, अक्षिता कुमारी, रश्मि सिंह, अयांश सिंह और रुचि वर्मा, रुनाशी सिन्हा शामिल रहीं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी माताओं की उपस्थिति और योगदान के लिए, आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने का आश्वासन दिया।

# विधायक पूर्णिमा साहू ने हेल्थ अवेयरनेस एसोसिएशन के समर कैंप का किया शुभारंभ



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** विधायक पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर हेल्थ अवेयरनेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित 22वें समर कैंप का उद्घाटन किया। रविवार को एग्रिको मैदान में 15 दिवसीय समर कैंप में बच्चों मैं बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें बच्चों को क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, योगा, वॉलीबॉल, खो-खो सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही माता-पिता के लिए खेलकूद गतिविधियों की व्यवस्था की गयी। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा समर कैंप बच्चों की प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम हैं। इस अवसर एग्रिको हेल्थ अवेयरनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष जे बेहरा, महासचिव रमेश कुमार पांडेय, संरक्षक भूपेंद्र सिंह, रामबाबू तिवारी, जेपी सिंह, सुनील आहूजा, अरुण कुमार, अनिल पांडेय, निरंजन मांझी, रमेश अग्रवाल, संजय सिंह, प्रेमनाथ, चंदर प्रसाद, बाला दुबे, चंद्रशेखर सिंह, सुशील श्रीवास्तव, प्रसेनजीत बनर्जी उपस्थित रहे।

# बारात में डीजे को लेकर हुआ था विवाद, घर में घुस कर मारा

**मारपीट में सुधीर विश्वकर्मा, उसके पिता अवध और माता सुशीला देवी घायल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव (गढ़वा)।** मझिआंव थाना क्षेत्र के आमर गांव के पश्चिम टोला में एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा पिता, पुत्र और माता को पीट-पीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। उन्हें जख्मी हालत में आस-पास के लोगों ने मझिआंव थाना लाया। इसके बाद पुलिस द्वारा इंज्युरी काटने के बाद रेफरल अस्पताल में सुधीर विश्वकर्मा 23 वर्ष, उसके पिता अवध विश्वकर्मा 58 वर्ष और माता सुशीला देवी 55 वर्ष का इलाज कराया गया और सुशीला देवी की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक द्वारा बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। इस संबंध में घायल सुधीर विश्वकर्मा द्वारा थाना में आवेदन देकर जान माल की सुरक्षा करने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गयी है। थाना को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि रविवार को सुबह में जब वह घर से बाहर निकला तो देखा कि सैफ अली खान अपने कई सहयोगियों के साथ लाठी-डंडा और बंदूक लिये खड़ा है। इसके बाद मैं शक के आधार पर पूछा कि किसको खोज रहे हैं, इसके बाद वे लोग आग बबूला हो गये और और जाति सूचक गाली देते हुए बोले की अभी बताते हैं कि किसको खोज रहे हैं। इसके बाद वे लोग चले गये और 8:00 बजे इबरार खान, सैफ अली खान, मुस्तकीम खान और हाका खान तथा 8 से 10 अन्य लोगों के साथ लाठी डंडा लेकर आये और मेरे घर में घुसकर मुझे, मेरी मां और पिता को मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिए।


मारपीट में घायल लोग।

**विवाद और मारपीट का कारण**

विवाद के संबंध में पूछने पर सुधीर के पिता अवध विश्वकर्मा ने बताया कि शनिवार को रात्रि में सत्येंद्र पासवान के पुत्र का बारात बिशुनपुरा में गया था, जहां पर डीजे को लेकर आपस में विवाद हुआ। इसके बाद भूसुवा गांव निवासी डीजे संचालक के पक्ष में होकर उसी गांव का स्कॉर्पियो वाहन का ड्राइवर सैफ अली खान बारातियों से उलझ गया, जिसके बाद बाराती पक्ष के कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की थी। उसने कहा कि मेरा पुत्र उस मारपीट में नहीं था। वह तो बारात में खाना खाकर घर आ गया था, लेकिन उन लोगों ने बारात का सारा गुस्सा मेरे घर में मारपीट कर निकाला।

# लवाही गांव में बिजली विभाग पर उपभोक्ताओं ने झूठा केस और अवैध वसूली का लगाया आरोप

जितेंद्र यादव

**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लवाही कला गांव में रविवार को बिजली उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा गलत तरीका से झूठा केश कराने के मामले को लेकर भाकपा माले नेता कामेश्वर विश्वकर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध कर रहे गमीण अक्षय विश्वकर्मा, जदू विश्वकर्मा, विशाल कुमार रजक, नंदू वश्वकर्मा,उदय बैठा, संतोष रजक सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के रवैया से हमलोग काफी परेशान है। कुछ न कुछ गलत आरोप लगाकर अवैध पैसा की मांग किया जाता है। पैसा नहीं देने पर झूठा केश करा दिया जाता है। जिससे हमलोग काफी आहत हैं। भाकपा माले के अनुमंडलीय सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा ने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा छापा मार अवैध पैसा की असूली किया जा रहा है।



**पैसे मांगने का आरोप झूठा और बेबुनियाद : कनीय अभियंता**

मामले में कनीय अभियंता कमल राय और लाइनमैन आजाद खान ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संबंधित उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली इस्तेमाल करते रंगे हाथ पकड़ा गया, तभी प्राथमिकी दर्ज की गयी। पैसे मांगने के आरोप को उन्होंने पूरी तरह बेबुनियाद और झूठा बताया।

जिससे लवाही गांव के लोग काफी परेशान हैं। बिजली विभाग के कर्मी के द्वारा बिजली उपभोक्ता जदू विश्वकर्मा को गलत मीटर दिया गया और छापा मारकर उस पर केस करा दिया गया। इस तरह से डंडई प्रखंड में बिजली उपभोक्ताओं से करोड़ों रुपये की वसूली किया गया है। अगर बिजली उपभोक्ताओं पर किया गया झूठा केस को विभाग वापस नहीं लिया गया तो भाकपा माले बाध्य हो कर बिजली विभाग का घिराव करेगी। वहीं भुक्तभोगी अक्षय विश्वकर्मा ने बताया कि मेरा वेल्डिंग का दुकान है। लाइन मैन आजाद खान के द्वारा पिछले दो वर्ष से बगैर कनेक्शन के लाइन जलाने की बात कही और इसके एवज में हम से प्रत्येक माह में दो हजार रुपये की मांग किया जाता था। दो वर्षो में आजाद खान को 48 हजार रुपये दिया है। इसके बाद हम पर केश करा दिया गया और चालीस हजार रुपये का फाइन भी भरना पड़ा। वहीं विशाल कुमार रजक ने बताया कि बुधवार को बिजली विभाग के कनीय अभियंता कमल राय, लाइनमैन आजाद खान, ऊर्जा मित्र पिंटू चद्रवंशी मेरे घर पहुंच मीटर को दिखा तो हमलोगों ने बताया कि घर में विवाह है दिवाल का पोटाई हो रहा है। मीटर चल रहा है। मीटर को उतार कर नीचे रखा गया है। इसके बाद नाम पता लिखा गया और मिलने के लिए बुलाया गया। मिलने गये तो ऊर्जा मित्र पिंटू चंद्रवंशी के द्वारा बीस हजार रुपये की मांग किया गया। उस समय हम बोले कि हमारी क्या गलती है। मेरा मीटर चल रहा है इस पर कनीय अभियंता कमल राय के द्वारा बोला गया कि केश में फंस जाओगे। वही जदू विश्वकर्मा ने बताया कि लाइनमैन आजाद खान के द्वारा 46 सौ रूपये में बिजली का मीटर दिया गया था।

# एसपीडी कॉलेज इग्नू अध्ययन केंद्र में अभिप्रेरणा बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा स्थित इग्नु (इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय) अध्ययन केंद्र में रविवार को जनवरी 2025 सत्र के शिक्षार्थियों का अभिप्रेरणा बैठक संपन्न हुआ।

इस मौके पर उपस्थित प्राचार्य प्रो निकलेश चैबे ने कहा कि इग्नु भारत का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है जो शिक्षार्थियों को दुरस्थ शिक्षा उपलब्ध कराने में अग्रणी भूमिका अदा करता है। उन्होने कहा कि इग्नु का विश्व स्तर पर महत्व और मान्यता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रबंधन छात्र हित में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षार्थियों को उनके संबंधित पाठ्यक्रमों के संबंध में इग्नु के विभिन्न विषयों के काउंसेलरों के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी गयी है। इसके बाद भी उन्हें समस्या आये तो वे अध्ययन केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। मौके पर इग्नु अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो अर्जुन प्रसाद ने विस्तृत जानकारी रखते हुए शिक्षार्थियों के बीच नामांकन विधि, अध्ययन सामग्री, कांउसंलिंग, टीएमए तथा टीईई, परीक्षा, परिणाम, इग्नु वेबसाईट, ई-ज्ञानकोष, स्वयं प्रभा आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर प्रो भरत उपाध्याय ने राजनीति विज्ञान विषय के संबंध में शिक्षार्थियों के समक्ष जानकारी रखी तथा कहा कि शिक्षार्थी अपने अध्ययन के क्रम में समय प्रबंधन का अवश्य ख्याल रखें। कार्यक्रम में डॉ उमेश सहाय ने पीजीडीआरडी के संबंध में जानकारी रखी।




# डुमरो में लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर एसडीएम ने किया स्थल निरीक्षण

**आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के लिए एनएच के अधिकारियों को दिए निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा बाईपास में डुमरो चौक पर पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रहे रोड एक्सीडेंट के मद्देनजर रविवार देर शाम एसडीएम संजय कुमार ने ग्रामीणों के साथ स्थल निरीक्षण किया। ग्रामीण से संकलित सूचनाओं के अनुसार उक्त स्थल दुर्घटना की दृष्टिकोण से अत्यंत चिंताजनक हो चुका है, पिछले कुछ समय में यहां पर लगातार तीन भीषण दुर्घटनायें हो चुकी हैं जिसमें एक दुर्घटना शनिवार को ही हुई, जिसमें एक महिला की जान चली गयी, पूर्व में भी इस चौक पर जानें जा चुकी हैं।



इसके बावजूद एनएच की ओर से न तो यहां पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र का सूचना पट लगा हुआ है और न ही किसी प्रकार के अन्य प्रभावी सुरक्षा उपाय किए गए हैं, लोगों की शिकायत पर एसडीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के संबंधित पदाधिकारियों को मौके पर फोन से निर्देशित किया कि वे यथाशीघ्र स्थल निरीक्षण कर दुर्घटना जोखिम का समुचित आकलन कर लें कि किन कारणों से यहां पर बार-बार एक्सीडेंट हो रहे हैं? साथ ही उनके क्या रक्षा उपाय हो सकते हैं? उन सभी सुरक्षा उपायों को अविलंब यहां पर क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की जान बचाना तथा विधि व्यवस्था का संधारण करना स्थानीय सिविल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस संबंध में यदि राष्ट्रीय राजमार्ग के स्तर से तुरंत कार्रवाई नहीं होती है तो संबंधित जिम्मेदार पदाधिकारियों, अभियंताओं और एजेंसी पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# कॉफी विद एसडीएम : सैनिकों के परिजनों को किया गया कॉफी पर आमंत्रित

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा चलाये जा रहे सप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस बार गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र के रहने वाले उन सैनिकों के परिजनों को सादर आमंत्रित किया गया है जो वर्तमान में राष्ट्र की रक्षा सेवा में तैनात हैं। गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र में निवासरत सैनिकों के परिजनों को ससम्मान आमंत्रित कर उनसे यह जानने का प्रयास किया जायेगा कि उन्हें कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत तो नहीं हो रही है। उन्हें स्थानीय स्तर पर किसी प्रशासनिक सहयोग की आवश्यकता तो नहीं है? इसके अलावा क्षेत्र की बेहतरी के लिए उनसे सुझाव भी लिए जायेंगे। संजय कुमार ने कहा कि देश के सैनिकों की बदौलत ही हम सभी सिविलियन निर्भीक होकर अपनी अपनी भूमिकायें निभा पा रहे हैं, ऐसे में हम सभी का दायित्व बनता है कि उनके परिजनों से सतत संपर्क में रहकर उनके सुख दुख के बारे में जानें एवं उनके परिवार के लिए हर संभव मदद के लिए तत्पर रहें। कुछ इसी उद्देश्य से इस बार का 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम अपने सैनिकों के परिजनों के सम्मान में रखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले 23 सप्ताह से उक्त संवाद कार्यक्रम नियमित रूप से चल रहा है। हर सप्ताह यह संवाद बुधवार को सुबह 11:00 से लेकर 12:00 के बीच होता है। इसलिए इस बार के कार्यक्रम के लिए भी एसडीएम ने अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सैनिकों के परिजनों को आगामी बुधवार 14 मई को सुबह 11:00 बजे अनुमंडल कार्यालय में सादर आमंत्रित किया है।

# मातृदिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बीपीडीएवी पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा (झारखंड) में मातृदिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम शौर्य चक्र विजेता शहीद आशीष तिवारी की माता आनंदी देवी और हाल ही में सिविल सर्विसेज (यूपीएससी) क्लियर करने वाली गढ़वा की बेटी छाया दूबे की माता सीमा देवी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जो ज्ञान और प्रकाश का प्रतीक है। इसके बाद मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट करके किया गया, जो सम्मान और आदर का प्रतीक है। विद्यालय के संगीत शिक्षक पीके मिश्रा और मनोज कुमार सिन्हा के नेतृत्व में विद्यालय के छात्रों द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया, जो माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम को व्यक्त करता था। समूह गीत के बाद विद्यालय के छात्रों द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया, जो माताओं के प्रति आभार और सम्मान को दशार्ता था। यह नृत्य विद्यालय की शिक्षिका नेहा केशरी द्वारा निर्देशित था। मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि शौर्य चक्र विजेता शहीद आशीष तिवारी की माता आनंदी देवी ने कहा कि मां का स्थान किसी भी व्यक्ति के जीवन में सबसे उच्चतम होता है। मां के बिना जीवन अधूरा है। मैं अपने बेटे पर गर्व करती हूं, जिसने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। यूपीएससी क्वालीफाई छाया दूबे की माता सीमा देवी ने कहा कि मैं अपनी बेटी की सफलता पर गर्व करती हूं। माता-पिता का बच्चों के विकास में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मैं सभी माताओं से आग्रह करती हूं कि वे अपने बच्चों को सही दिशा में प्रोत्साहित करें।



# केतार प्रखंड में पेयजल संकट गहराया, लोग परेशान

रविकांत चंद्रवंशी

**केतार (आजाद सिपाही )।** दिन प्रतिदिन बढ़ते तापमान से आम लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। उसके साथ-साथ पानी की घोर किल्लत गहराते जा रहा है। लोगों को पेयजल उपलब्ध करने में मुश्किलों की सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड में जल नल योजना सिर्फ हाथी का दांत साबित हो रहा है। अधिकतर जल नल योजना से लगाए जल मीनार सुख गये, कुछ जलमीनार से पानी का सफलाई नहीं हो रहा है। प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत अंतर्गत बेलाबार, आदिवासी बहुल टोला मायर, मुकुंदपुर सहित ताली में कई चापाकल, जल नल योजना से लगाये कई जलमीनार से पानी का सप्लाइ नहीं हो रहा है।



अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र बेलाबार के कुशवा टोले में एक जल मीनार है जो चार माह से भी अधिक समय से बेकार पड़ा है। जिससे मवेशियों सहित पेयजल उपलब्ध करने में दूर का सफर तय करना पड़ता है। इस टोले के असीमा बीबी, अबीदा बीबी, बानो, खुश्ता, तैबुन बीबी, नुरेशा बीबी, नजरूम, सकीना, शायदा बीबी सहित अन्य महिलाओं ने बताया की हमलोगों के टोले में स्थित जल मीनार चार माह से बेकार पड़ा है। कोई जनप्रतिनिधि या प्रशासन सुधि नहीं ले रहे है, जिससे हमलोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि इस समस्या से निजात पाने के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को सूचित किया गया परंतु कोई सकरात्मक पहल नहीं किया। सभी महिलाओं ने प्रशासन से शीघ्र खराब पड़े जलमीनार को दुरुस्त करने का आग्रह किया है। मुकुंदपुर उमवि मुकुंदपुर के बगल में कुछ दिन बाद दोबारा नया लगाया गया सिंटेक्स फट जाने से पेयजल की घोर किल्लत हो गया है। बगल में पंचायत सचिवालय, पर्यटन स्थल श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर में कई चापाकल सहित ताली के निमिया टोला चांदनी चौक स्थित दिनेश साह के घर के पास जलमीनार दो वर्षों से खराब है। लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है।

# महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर युद्ध चलाए जाने तथा पाकिस्तान के विरुद्ध उसकी सफलता पर सैन्य सेनाओ के सम्मान में गढ़वा जिला कसौधन समाज की महिलाओं ने डॉ भोला कश्यप के आवास पर भारतीय सेना के सम्मान में सभी महिलाए एक दूसरे को सिंदूर लगा कर सिंदूर उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर भारत माता की जय, बंदे मातरम् नारे लगाए। इस युद्ध में शहीद हुए सेनाओ के प्रति दुख व्यक्त किया गया। महिलाओं ने गर्व से सभी एक सुर में कहा कि आतंकवादी जिस तरह पहलगाम में भारत की बहनों का सुहाग उजाड़े थे । जिसपर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने को कहा था। इसपर देश के सैनिको ने उन आतंकवादियों के परिवार को खत्म करने का कार्य किया। भारत के सभी सैनिकों को उनकी वीरता पर बहुत बहुत बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नारी शक्ति ने भारत माता की जय बंदे मातरम के नारे नारे लगाए। कार्यक्रम में समाज की अध्यक्ष कंचन कश्यप, अर्चना कश्यप, नमिता कश्यप, निधि कश्यप, सीमा कश्यप, ममता कश्यप, शोभा कश्यप आदि मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

# बाबा खोंहर नाथ मंदिर ट्रस्ट में बदलाव, नयी समिति को सौंपी गयी जिम्मेदारी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** श्री बाबा खोंहर नाथ मठ धार्मिक न्यास, गिजना पोस्ट तिलदाग, जिला गढ़वा) की पूर्व गठित 11-सदस्यीय समिति को झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड ने निरस्त कर दिया है। यह कार्रवाई बाबा खोंहर नाथ मंदिर श्राइन ट्रस्ट के सचिव मनोज कुमार तिवारी की शिकायत के आधार पर की गयी, जिसे बोर्ड के सदस्य संजीव कुमार तिवारी द्वारा की गयी जांच में उचित पाया गया। बिहार राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 (अंगीकृत) की धारा 29(2) के तहत वर्तमान समिति को भंग कर दी गयी और धारा 32 के अंतर्गत ट्रस्ट की सुचारू व्यवस्था व संपत्ति की सुरक्षा हेतु नई 11-सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति अगले आदेश तक कार्यरत रहेगी। जिसमें अध्यक्ष परेश कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर उपाध्याय व श्री दिनेश राम, सचिव मनोज तिवारी, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार तिवारी, सदस्य जवाहीर चौधरी, अरूण दूबे, राजेश कुमार गुप्ता, संजय तिवारी, रामसरिख चंद्रा, गौतम कुमार चन्द्रवंशी को मनोनीत किया गया। जिसमें नवगठित समिति को निम्न जिम्मेदारियां सौंपी गयी हैं। न्यास की चल-अचल संपत्तियों का अभिलेख, उपयोग व सुरक्षा सुनिश्चित करना।

# दुलदुलवा को नशामुक्त बनाने के लिए एसडीएम ने दिलाया संकल्प

## मदर्स डे पर गांव की माताओं को शराब मुक्ति अभियान का सौंपा गया नेतृत्व

**शराब के कलंक से मुक्त कराने के लिए एसडीएम ने दुलदुलवा को लिया गोद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार को प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों /कर्मियों के साथ दुलदुलवा पंचायत भवन पहुंचकर यहां के लगभग 200 ग्रामीणों के साथ शराब मुक्त गांव की दिशा में आवश्यक मंथन किया। इस दौरान न केवल अवैध शराब कारोबार से जुड़े परिवारों और देशी महुआ शराब पीने के आदी लोगों की काउंसलिंग की गयी, बल्कि गांव के ऐसे लोगों के विचार भी लिये गये जो अवैध शराब पर प्रभावी रोकथाम के पक्षधर हैं। अनुमंडल पदाधिकारी के साथ एसडीपीओ नीरज कुमार, मेराल अंचल अधिकारी यशवंत नायक, जेएसएलपीएस के डीपीएम विमलेश शुक्ला, मुखिया राम प्रताप शाह आदि के अलावा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक, प्रखंड उद्यम समन्वयक, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक आदि ने भी कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से ग्रामीणों के बीच जानकारी साझा की।



**शराब के कलंक से गांव को छुटकारा दिलाने का संकल्प :** लगभग तीन घंटे चली विमर्श बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी उपस्थित ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि अभी दुलदुलवा गांव का नाम अवैध शराब कारोबार के साथ जोड़ा जाता है, गढ़वा और आसपास के कई इलाकों में इस गांव से अवैध शराब की आपूर्ति की जाती है, इससे न केवल यहां के लोगों का भविष्य खराब हो रहा है बल्कि आसपास के इलाकों में विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने तथा लाखों लोगों की परेशानी का कारण बनने में भी दुलदुलवा के लोग प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से यहां के लोगों के पुनर्वासित करने की दिशा में पहल करेगा। एसडीएम संजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं, साथ ही उनसे अपील की कि बच्चों के भविष्य की चिंता माताओं से ज्यादा कोई नहीं कर सकता है, इसलिए आज वे मदर्स डे पर संकल्प लें कि गांव के नौनिहाल बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए अवैध शराब कारोबार की बंदी का संकल्प लें, उन्हें इस दिशा में महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान का नेतृत्व करने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। कार्यक्रम में वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष संतोष यादव, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सिंह, स्थानिक ग्रामीणों में शमशेर अंसारी, अशोक पाल, विनोद चंद्रवंशी, शबनम आरा, अशोक साव, लीलावती देवी, सुनैना देवी, सविता देवी, पूनम कुमारी, गीता देवी, शांति देवी, रेखा देवी, ललिता देवी, अशोक चंद्रवंशी, अखिलेश चंद्रवंशी, चुन्नू साहब, अरुण गुप्ता, बंशीधर साव, जितेंद्र साव, जसवंती देवी, सत्येंद्र चंद्रवंशी आदि ने विचार रखे।

### बेल का जंगल अपने आप में अद्वितीय, इसकी रक्षा करें : संजय कुमार

संजय कुमार से अनुरोध किया कि उनके गांव के चारों ओर जो बेल के पेड़ों का जंगल है वह अपने आप में अनूठा है, ऐसा कहीं उदाहरण नहीं मिलता है जहां इतनी बड़ी मात्रा में सिर्फ बेल के औषधीय पेड़ लगे हों। किंतु छोटे लालच के चक्कर में लोग इन बेलों को काटकर शराब की भरट्ठियों में जला दे रहे हैं जिससे बेल का जंगल खत्म होता जा रहा है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वह लोग इस जंगल के विनाशक नहीं बल्कि संरक्षक बनें।

### महुआ शराब के कारण ही आते हैं हाथी

ग्रामीणों ने बैठक में पहुंचे अधिकारियों से समस्यायें साझा करते हुए कहा कि उनके गांव में खेती की समस्या इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि हाथी आकर नुकसान पहुंचा जाते हैं। इस पर अधिकारियों ने उन्हें बताया कि इसके पीछे भी कहीं न कहीं शराब भी एक बड़ा कारण है, क्योंकि महुआ शराब की गंध पाकर हाथी आकर्षित होते हैं, और एक बार जब आना शुरू हो जाते हैं तो वे बार-बार उस क्षेत्र में आते हैं । इसलिए शराब निर्माण बंदी के बाद हो सकता है कि हाथियों का यहां आवागमन बंद हो जाए।

### महिला स्वयं सहायता समूह निभायेंगी सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम में मौजूद डीपीएम विमलेश शुक्ला ने बताया कि दुलदुलवा में 580 महिला स्वयं सहायता समूह कार्यरत है। उन्होंने कहा कि ये महिला समूह न केवल शराब मुक्ति की दिशा में अभिप्रेरक का काम करेंगे बल्कि शराब व्यवसाय छोड़ने के उपरांत वैकल्पिक व्यवसाय हेतु लोगों की काउंसलिंग एवं जानकारी देने का मुख्य माध्यम बनेंगे।

# तीन बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य पथ के कड़िया धाम के पास बीती रात्रि तीन बाईक के टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। भवनाथपुर पुलिस के द्वारा उन्हें भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ इंद्रकिशोर विश्वकर्मा के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद एक घायल विकास पासवान पिता नागेंद्र पासवान खरौंधी के नावाडीह निवासी को गढ़वा रेफर किया गया है, जबकि दूसरा घायल व्यक्ति दीपक राम पिता ओमप्रकाश राम केतार बतो कला निवासी बताया जा रहा है।

## भूमि कारोबारी बंधु यादव को अपराधियों ने मारी गोली, रिम्स रेफर

चतरा (आजाद सिपाही)। भूमि कारोबारी बंधु यादव पिता गणपत यादव को अपराधियों ने गोली मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल बंधु यादव शहर से सटे बभने गांव का रहने वाला है। वह अपने घर के कुछ दूरी पर स्थित मनोकामना मंदिर से संध्या पूजा कर वापस घर लौट रहा था। इसी बीच अपराधियों ने उसे गोली मार दी। युवक के कमर और पेट के नीचे गोली लगी है। युवक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। यह घटना सदर थाना क्षेत्र के बभने मुहल्ला में संध्या करीब 8 बजे की है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बंधु यादव को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

# विधायक सविता ने 3.31 करोड़ की लागत से बननेवाली सड़क का किया शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सालुकडीह में रविवार को विधायक सविता महतो ने सालुकडीह कुटाम सड़क का शिलान्यास नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर किया। सालुकडीह से कुटाम तक नये सड़क का कार्य 3 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत से 3 किलोमीटर कालीकरण सड़क का निर्माण कराया जायेगा। उक्त सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों की काफी दिनों से मांग था। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सालुकडीह से कुटाम तक 3 किलोमीटर काली करण सड़क का निर्माण 3 करोड़ 31 लाख की लागत से निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से ग्रामीणों का मांग था। उन्होंने कहा कि पहली बार उक्त सड़क का निर्माण कराया जायेगा। सड़क बनने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, अमित सिन्हा, सपन आदित्यदेव, गणपति कैवर्त, पंचानन पातर, पशुपति बागची, अघोर महतो, भोलानाथ दास, हरे कृष्ण दास, हरेंद्र नाथ महतो, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# रैयतों-विस्थापितों के रोजगार पर हमला बर्दाश्त नहीं : रमेशर भोगता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** तुमांग के विस्थापित नेता रमेशर भोगता ने एक बयान जारी कर कहा है कि रोहिणी परियोजना के रैयत विस्थापित के रोड सेल से मिलने वाले रोजगार पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। परियोजना को चालू करने में ढुब पेटपेट के रैयतो ने अपनी पूर्वजों की जमीन दी है, ताकि परियोजना चल सके और रैयत विस्थापितों को रोजगार सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जा सके। लेकिन कुछ लोग जो तुमांग के रैयत विस्थापित नहीं हैं और एक साजिश के तहत लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं, और रैयत विस्थापितों के रोजगार को छिनने का प्रयास में लगे हुए हैं। जिससे रैयत विस्थापित काफी आक्रोशित है और रोजगार छिनने वालों का जोरदार तरीके से विरोध करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे लोग रोजगार छिनने के साजिश से बाज आये। साथ ही सीसीएल रोहिणी प्रबंधन से भी आग्रह है कि जो लोग रैयत विस्थापित को रोजगार छिनने का प्रयास करते हैं ऐसे लोग को तरजीह नहीं दें, अन्यथा तुमांग के रैयत विस्थापित किसी तरह के सहयोग नहीं करेंगे और जरूरत पड़ी तो रोहिणी खदान को अनिश्चितकालीन बंद भी कराया जायेगा। श्री भोगता ने कहा कि सीसीएल से जब किसी तरह का रोजगार रैयतों के लिए आता है तो कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए वास्तविक रैयत के अधिकार को छिनने का प्रयास कर रहे हैं। इस कार्य में कुछ लोग पर्दे के पीछे से भी साजिश कर रहे हैं उनके बारे में भी विस्थापितों को पूरी जानकारी है। सीसीएल प्रवंधन से ऐसे लोगों से सचेत रहने को कहा है और वास्तविक रैयत की पहचान उनके द्वारा प्रस्तुत जमीन के कागजातों से करें। लेकिन रैयतों के अधिकार या रोजगार पर ऐसे लोग छिनने का प्रयास करेंगे तो फिर तुमांग के रैयत विस्थापित बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेवारी सीसीएल प्रबंधन की होगी।



# मातृ दिवस पर पेंटिंग, कविता, निबंध और संगीत प्रतियोगिता आयोजित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू में मातृ दिवस पर छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग, कविता, ग्रीटिंग्स, निबंध एवं संगीत की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। सेजल, जिया, सुनीता एवं करमसिंह ने मां के गुणों का बखान किया।

संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने हुए कहा कि मातृ दिवस मनाने की शुरूआत एना जार्विस नाम की अमेरिकी महिला ने की थी। बाद में नौ मई 1914 को अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन ने औपचारिक रूप से मदर्स डे मनाने की शुरूआत की। उन्होंने मां के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां और बच्चों का रिश्ता ऐसा अनूठा और भावनात्मक रिश्ता है जिसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन कार्य है। मां त्याग, स्नेह की प्रतिमूर्ति होती हैं। मां के बिना जिंदगी वीरान होती है। मौके पर छात्र-छात्राओं ने पटिंग्स, ग्रीटिंग्स बनाकर माताओं को समर्पित किया। इस दौरान केक भी काटा गया। मौके पर छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षिका सावित्री और रिया भी मौजूद थीं।

# गड्ढे में गिरा डंपर, आपरेटर सीसीएलकर्मी आकाश चोटिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** एनके एरिया के डकरा खदान से स्टाक में कोयला ले जा रहा डंपर एक गड्ढे में गिर गया। जिससे डंपर आपरेटर सीसीएलकर्मी आकाश कुमार को चोट लग गयी। उन्हें कमर व पैर में चोट लगी। साथ कर्मियों ने आकाश को डकरा सेंट्रल अस्पताल पहुंचाया। जानकारी मिलने पर मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी आपरेटर से मिलने अस्पताल पहुंचे, उसका हालचाल लिये। अब्दुल्ला ने कहा कि कोई भी सीसीएल अधिकारी आकाश को देखने नहीं पहुंचा। कोयला उत्पादन में मजदूरों का बड़ा योगदान होता है।



## 'चित्रकारी: सपनों का कैनवास' प्रतियोगिता आयोजित

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बजरंग दल, बुंडू के सभागार में रविवार को 'चित्रकारीः सपनों का कैनवास' प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें विधायक प्रतिनिधि उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुजीत बिट ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम के संयोजक सौरभ पाठक ने स्थानीय कलाकार आयुष राज द्वारा निर्मित विधायक की तस्वीर विधायक प्रतिनिधि को सौंप कर विधायक जी तक पहुंचाने का आग्रह किया। इससे पहले ड्रॉइंग प्रतियोगिता की प्रतिभागी दिव्यांशी कुमारी और आज्ञा जायसवाल ने अपने हाथों से बनाये गये स्वागत कार्ड देकर दोनों अतिथियों का स्वागत किया।

# मैकलुस्कीगंज : लिटिल विंग्स स्कूल में मनाया गया मदर्स डे




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मैकलुस्कीगंज।** लिटिल विंग्स स्कूल मैकलुस्कीगंज में मदर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पे नन्हे-नन्हे बच्चों ने अपनी मां के लिए रंग-बिरंगे ग्रीटिंग काड्र्स बनाकर उनमें अपने संदेश लिख कर उन्हें समर्पित किया, साथ ही उनके लिए पेंटिंग्स भी बनाई इसके अलावा बहुत सारे बच्चों ने अपनी माताओं के लिए आभार व्यक्त करने हेतु नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कुछ बच्चों ने अपनी भावनाओं को मां के ऊपर लिखें कविताओं, गीतों और स्लोगन के तौर पे प्रस्तुत किया जिसका आनंद सभी बच्चों ने लिया। इस गतिविधि में कुछ अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया और अपने नन्हे-मुन्हों के साथ फोटो सेशन करवा के इस दिन को यादगार बनाया। स्कूल के निदेशक ऋषि कुमार इस गतिविधि में सभी बच्चों की प्रसंशा करते हुए मदर्स डे की बधाई दी और संदेश दिया की अपनी मां के निस्वार्थ समर्पण और प्रेम को कभी न भूलें और उन्होंने दुनिया की सभी माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर मोहिनी गिरि, हेमंती देवी, नमिता कुमारी, किशोरी खेस, नैना कुमारी, अंशु कुमारी और सोनी कुमारी समेत अन्य सभी शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मॉक ड्रिल का कराया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में स्कूल के बच्चों को आपातकालीन स्थिति और हमले से बचने को लेकर अभ्यास कराया गया। स्कुल के शिक्षक एसके पांडेय ने सायरन बजने के साथ ही हमले से बचने के लिए बच्चों को बेंच के नीचे छुपने का अभ्यास कराया। साथ ही अन्य कई प्रकार की जानकारी स्कूल के बच्चों को दी गयी। इस संबंध में विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि भारत-पाकिस्तान युद्ध को देखते हुए भारत सरकार के आदेशानुसार बच्चों को किस प्रकार सुरक्षित रखना है इसको लेकर मॉक ड्रिल के द्वारा बच्चों को अभ्यास कराया गया। साथ ही बच्चों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने को लेकर जानकारी भी दी गयी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में जागरूकता पैदा होती है। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## बाइक की टक्कर से रोजगार सेवक की हुई मौत

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ में शाम करीब राजू मिल के समीप बाइक दुर्घटना में रोजगार सेवक की मौत हो गयी, वहीं मृतक रोजगार सेवक की पहचान प्रवीण कुमार के रूप में किया गया। प्रवीण कुमार बिहार राज्य के सारण जिला अंतर्गत इसवापुर गांव का निवासी था, जो प्रखंड कार्यालय स्थित बना सरकारी क्वार्टर में रहता था और प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत में रोजगार सेवक तौर पर कार्यरत था। घटना की सूचना मिलते ही बीडीओ संग्राम मुर्मू और एएसआई जमशेद खान अस्पताल पहुंच कर घटना का जायजा लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गयी है।

# पिपरवार के कल्याणपुर में सड़क दुर्घटना के बाद 26 घंटे तक रहा सड़क जाम, वार्ता के बाद खुला

**मृतक के आश्रित को पांच लाख मुआवजा देने पर बनी सहमति, घायलों का होगा बेहतर उपचार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर के महादेव गढ़ा पुल के पास शनिवार 10 मई को हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना मे एक युवक की मौत के बाद पिछले 26 घंटे से पिपरवार-टंडवा सड़क जाम रविवार की दोपहर त्रिपक्षीय वार्ता के बाद समाप्त हो गया है। ज्ञात हो कि इस सड़क दुर्घटना मे मंडेर निवासी असंगठित मजदुर 21 वर्षीय बिजून तिर्की पिता सीताराम तिर्की की दर्दनाक मौत हो गयी थी। वह मंडेर अपने आवास से पिपरवार के राजधर साईडिंग ड्यूटी के लिए जा रहा था, इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही ट्रांसपोर्टिंग हाईवा के तेज गति एवं चकमा देने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। वहीं इस घटना में पवन कुमार मुंडा पिता रमेश मुंडा ग्राम कारो और प्रदीप उरांव पिता स्व. लालो उरांव, ग्राम कल्याणपुर बुरी तरह घायल हो गया, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना जानकारी मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने टंडवा-पिपरवार मुख्य मार्ग को जाम कर दिया तथा सुरक्षा व मुआवजा को लेकर धरने पर बैठ गए। लगभग 26 घंटे के बाद रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की पहल पर वार्ता संपन्न हुई, जिसमें मृतक बिजून तिर्की के आश्रितों को पांच लाख रुपये देने पर सहमति बनी, जिसमें दो लाख रुपये ट्रांसपोर्टिंग कंपनी तथा तीन लाख रुपये राज्य सरकार के द्वारा देने का निर्णय लिया गया, जिसमें तत्काल दो लाख नगद भुगतान किया गया। साथ ही पीएनएम कंपनी में निजी रोजगार देने का भी निर्णय लिया गया। वहीं घायल पवन कुमार मुंडा एवं प्रदीप उरांव को बेहतर इलाज का खर्च ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा उठाने का निर्णय लिया गया। वार्ता मे सड़क दुर्घटना के रोकथाम के लिए सीसीएल प्रबंधन, प्रशासन, संबंधित ट्रांसपोर्ट कंपनी, प्रतिनिधि और ग्रामीण प्रतिनिधी का एक उच्च स्तरीय बैठक करने का भी निर्णय लिया गया। वार्ता मे मांगे पूरा होने के बाद धरना और जाम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हटाया गया।



मृतक के परिजन को मुआवजा राशि देते अधिकारी।

# सरना धर्म-संस्कृति के संरक्षण के लिए सरना धर्म कोड लागू हो: धर्मगुरु

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड के डौगड़ा में 15वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय सरना धर्म प्रार्थना सभा रविवार को संपन्न हो गयी। इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु बगरय मुंडा और धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंङबोंगा का पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गयी। समारोह में मुख्य अथिति धर्मगुरु बंधन तिग्गा और विशिष्ट अथिति ओडिशा के धर्मगुरु परमेश्वर सिंह मुंडारी शामिल हुए। इस अवसर पर धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित मानव सभ्यता का प्रचीनतम धर्म है। यह सभी धर्मों का आधार और संरक्षक है। सरना धर्म की अपने धार्मिक विधि-विधान, बहुमूल्य जीवन शैली, दर्शन तथा आदर्श है जिसमें लाखों लोगों की धार्मिक आस्था है, परंतु राजनीतिक महत्वकांक्षा के कारण सरकारें सरना धर्म कोड तथा आदिवासी अधिकारों के प्रति उदासीन है। सरना धर्म कोड के अभाव में केवल सरना धार्मिक एवं सामाजिक एकता टूटी है बल्कि हम धर्मांतरण जैसी पीड़ा वर्षों से झेलने को मजबूर हैं।. अतः हम सरकार से मांग करते हैं कि सरना समाज एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरना धर्म कोड यथाशीघ्र लागू करें। विशिष्ट अतिथि परमेश्वर सिंह मुंडारी ने कहा कि सिंगबोंगा की स्तुति से मानव जीवन में भक्ति और श्रद्धा बढ़ती है। हमें जीवन को खुशहाली लाने के लिए हमेशा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए। बुधराम सिंह मुंडा, कमले उरांव, सुभासिनी पूर्ति, गोपाल बोदरा, करमू हेमरोम, बिरसा तोपनो, रमेश लुगुन, लुथड्डु मुंडा, मथुरा कंडीर, गोपाल लुगुन, मधियाना धान, बिरसिंह ओड़ेया, सुगना पहान, जीतनाथ पहान, सुमित गुड़िया, कोलय ओड़ेया, सिनु सोय आदि ने विचार व्यक्त् किये। समारोह में खूंटी, रांची, मुरहू, बंदगांव, चक्रधरपुर, ओड़िशा, अड़की, कोचांग, बिरबांकी तथा आस- पास के गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।



# मलियादा और शांतिपुरी में धमूधाम से मनायी गयी महर्षि मेंहीं परमहंस महाराज की जयंती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा और शांतिपुरी मुरहू में महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज की 141वीं जयंती रविवार को धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभातफेरी से की गयी। काफी संख्या में सत्संगियों ने भक्तिभाव से प्रातः काल में ही बंदगांव और मुरहू के मुख्य मार्गों पर प्रभातफेरी निकाली। साथ ही भारत माता की जय, सद्गुरु महाराज की जय, धर्म की जय हो, गौ माता की जय, मानव-मानव एक हैं आदि जयकारे लगा रहे थे। आश्रम पहुंचकर सद्गुरु महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गयी। स्वामी लक्ष्मणजी महाराज ने कहा कि गुरुदेव का अवतरण मानवता के कल्याण के लिए हुआ। सद्गुरु महाराज सभी प्राणियों को भगवान की संतान मानते थे। सभी की सेवा करने के लिए मनुष्य का जीवन है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का कहना है कि स्वावलंबी जीवन जीना चाहिए। साथ ही सदाचार और शाकाहार जीवन ईश्वर की भक्ति करते हुए जीना चाहिए। बुराइयों से सदैव दूर रहना चाहिए। परमात्मा को प्राप्त करने, जीवन में सुख पाने के लिए गुरु की बताये भक्ति मार्ग पर चलकर ही पूर्ण कल्याण हो सकता है। स्वामी गुलाब जी महाराज ने कहा कि गुरुदेव साक्षात ईश्वर के अवतार थे। उनके द्वारा कई चमत्कार हुआ है, जिसमें कितनों का दुःख दूर हुआ है। कई संस्मरणों के माध्यम से गुरु महाराज के कार्यकलापों का उन्होंने बखान किया। महाराज ने कहा कि अपने सद्गुरु पर अटूट विश्वास करना चाहिए, तभी खुशहाली आएगी। लोदरो बाबा, मुरलीधर ब्रह्मचारी, दिगंबर दास आदि ने भी सदगुरुदेव की महिमा बताई तथा सभी को निश्चछल भाव से भक्ति करने की बात कही। कार्यक्रम में चक्रधरपुर, खूंटी, तमाड़, बंदगांव आदि स्थानों के सत्संगी पहुंचे थे। मौके पर डॉ डीएन तिवारी, संजय कुमार, जूरन मुंडा, रामहरि साव, सगुन दास, सूरजमल प्रसाद, मंगल मुंडा, मुचीराय मुंडा, सुनील ठाकुर, विष्णु मुंडा, धर्मेंद्र ठाकुर, गंगाराम समद, सूनील रजक, हेमंत, कृष्णा भगत, डॉ महेंद्र, डॉरमेश वर्मा, सूरज लाल, सुबोध, मिथिलेश, कृष्णा, डब्लू आदि मौजूद थे।

# मां किसी भी रूप में हो, वह ईश्वर की साक्षात प्रतिमा होती है: अभिजीत कुमार

## पुरानचंद फाउंडेशन ने सिरका पंचायत में आयोजित किया समर कैंप

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** पूरनचंद फाउंडेशन एवं मुखिया रोशन लाल मुंडा के नेतृत्व में रविवार को सिरका पंचायत के बच्चों के लिए समर कैंप का सफल आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूरनचन्द फाउंडेशन के सचिव अभिजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर मुखिया रोशन लाल मुंडा को पूरनचन्द स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता राय यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर संजय कुमार ने किया। समर कैंप आयोजन का उद्देश्य बच्चों को कैरियर काउंसलिंग प्रदान करना था। इधर, मदर्स डे पर सामुदायिक भवन में मातृ दिवस कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर अभिजीत कुमार ने कहा कि मां किसी भी रूप में हों, वह ईश्वर की साक्षात प्रतिमा होती हैं। हमने भगवान को नहीं देखा, लेकिन मां-पिता के रूप में हमने उन्हें अनुभव किया है। मां अपने बच्चों के लिए हर संघर्ष सहती है, उन्हें हर संभव मार्ग पर चलना सिखाती है और अपना सर्वस्व समर्पित कर देती है। मुखिया रोशन लाल मुंडा ने बच्चों के बीच प्रेरणादायी विचारों को साझा करते हुए कहा कि एक सामान्य व्यक्ति भी समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है यदि वह सही दिशा में कार्य करे। उन्होंने पूरनचन्द फाउंडेशन द्वारा बच्चों, युवाओं और समाज के अन्य वर्ग के लोगों को निरंतर जागरूक करने के प्रयासों की सराहना की। बताते चलें कि पूरनचन्द फाउंडेशन की टीम निरंतर कला, संस्कृति और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से युवाओं, किसानों और बच्चों के बीच जागरूकता एवं उत्साह का वातावरण बना रही है। संस्था का उद्देश्य युवाओं को उचित मार्गदर्शन देकर समाज में रचनात्मक परिवर्तन लाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरनचन्द फाउंडेशन के अमरदीप कुमार, अजीत सर, सत्यम, अमन कुमार, वागीशा मैम सहित अन्य का योगदान रहा।

# अंगारों पर चले भोक्ता बरसाये आस्था के फूल



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बरगावां गांव में नवयुवक संघ शिव मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में छह दिवसीय मंडा पूजा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में पंचायत के करीब 60 भोक्ता और उनकी सोक्ताईन ने भाग लिया। सभी धार्मिक अनुष्ठान गांव के पाहन सुनील मुंडा के मार्गदर्शन में संपन्न कराए गए। पूजा के चौथे दिन शनिवार को फूलकुंदी कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें भोक्ता और सोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर चलकर अपनी शिवभक्ति और आस्था का परिचय दिया। रात में पश्चिम बंगाल से आए कलाकारों ने छऊ नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, रविवार की शाम झूलन कार्यक्रम के दौरान भोक्ता पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे 25 फीट ऊंचे बनस झूले से झूलते हुए आस्था के फूल बरसाए। श्रद्धालुओं ने इसे शुभ मानते हुए अपने आंचल में समेटा। पूजा को लेकर पूरे गांव में मेले जैसा माहौल रहा। बच्चों के लिए खिलौना, आइसक्रीम और अन्य मनोरंजन के साधन उपलब्ध थे। आयोजन को सफल बनाने में भाजपा नेता मनोज सिंह, रामानंद पांडेय, कृष्णा गोप, बिरेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, राजू गोप, पाठ भोक्ता, लालचंद लोहरा, विजय सिंह, प्रदीप सिंह का सराहनीय भूमिका रहा।

# मंडा पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है: सन्नी टोप्पो

## बेड़ो के नेहालु गांव में मंडा पूजा समारोह का आयोजन



बेड़ो के नेहालु गांव में मंडा पूजा समारोह का उद्घाटन करते भाजपा नेता सन्नी टोप्पो एवं अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के नेहालु गांव में रविवार को महादेव मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय मंडा पूजा का समापन हुआ। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों में जागरण के दिन शिवभक्तों ने लोटन सेवा, धूआं सूंआं व फूलखूंदी के तहत भगवान भोलेनाथ की आराधना की। वही, जतरा, झूलन और नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फूलखूंदी के दौरान धधकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर एवं झूलन के दौरान शिवभक्तों ने आस्था के फूल बरसाए। जिसे श्रद्धालुओं के बीच पाने की होड़ मची रही। साथ ही जतरा के दौरान ग्रामीणों ने परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मंडा पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे आने वाली पीढ़ियों तक संरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। साथ ही नागपुरी कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने नाच गान प्रस्तुत कर जनमानस को बांधे रखा। इधर, समारोह को सफल बनाने में मुखिया वीरेंद्र भगत, उप मुखिया जितिया उरांव, अंजली कच्छप, सरोज राम, अध्यक्ष सोमरा प्रधान, विष्णु प्रधान, पवन कुमार साहू, सुभाष भगत, ओम प्रकाश भगत, सरिता देवी, क्रमबीर स्वांसी, जीवन साहू, भंवरा उरांव, आकाश भगत, रंजन गुप्ता आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने की आत्महत्या

**पत्नी-बच्चों को घर से बाहर निकालने के बाद दिया वारदात को अंजाम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** थाना क्षेत्र में पत्नी से झगड़े के बाद फंदे से झूलकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर लिया। उसकी पहचान शंकर कुमार उर्फ शंकर पहान (31) के रूप में हुई है। शंकर भंडारा गांव का रहनेवाला था। घटना शनिवार की रात 11 बजे की है। उधर, रविवार की सुबह इसकी सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक शंकर पहान गांव में ही एक विवाह समारोह में परिवार के साथ गया था। वहां से रात का खाना खाने के बाद परिवार के साथ वापस घर लौटा। वह नशे की हालत में था। इसी बीच उसका पत्नी के साथ किसी बात पर कहासूनी हो गयी। जिसके बाद क्रोध में आकर वह पत्नी और बच्चों को घर से बाहर निकाल दिया और खुद को मकान के अंदर बंद कर फंखा में रस्सी का फंदा लगाकर झूल गया। यह देख पत्नी चिल्लाने लगी। इसके बाद ग्रामीणों ने दरवाजे की कुण्डी तोड़कर अंदर प्रवेश किये और शंकर के फंदे से नीचे उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# नगड़ी के साहेर में जंगली हाथी का उत्पात

## दर्जनों किसानों के खेतों में तैयार फसल को खाने के बाद पैरों से रौंदा

आजाद सिपाही संवाददाता



बर्बाद फसल के पास बैठे किसान।


**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार की देर रात अपने झुंड से बिछड़े दो हाथी ने प्रखंड क्षेत्र के कृषि बहुल गांव साहेर, हरही, देवरी, सुगदा और बसिला सहित आसपास रहने वाले किसानों के खेतों में तैयार फसल गन्ना, तरबूज को पूरी तरह से खाकर और रौंदकर बर्बाद कर दिया। जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात 10 बजे अपने झुंड से बिछड़े दो हाथी हरही गांव के जंगलों से निकल कर कुम्बा टोली की ओर से बसिला की ओर बढ़ने लगे। एक हाथी गांव के खेतों की फसल को खाने लगा। जबकि एक अन्य जंगली हाथी बसिला सुगदा के खेतों में पहुंच गया। वहीं, अपने खेत में पटवन कर रहे एक किसान ने हाथी को देखकर शोर मचाया। तब वसाहेर सुगदा के आस-पास खेतों में पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण एकत्र हो गये और शोर शराना शुरू कर दिया। पटाखे फोड़ और मशाल जला कर देर रात करीब तीन बजे जंगली हाथी को दूर जंगल तक ले जाकर छोड़ दिया। किसान तुलसी साहू, संतोष कुमार महतो, धनो उरांव, सुगदा योगेन्द्र महतो, दसरथ महतो, हाजी कादीर अंसारी, विनोद महतो, मुकेश महतो और राजेश महतो आदि ने बताया कि रात को जंगली हाथी हमारे खेतों में तैयार फसल रौंद कर काफी क्षति पहुंचाये हैं। बाजार से पैसा उधार लेकर हम लोग अपने खेतीबाड़ी करते हैं। पर जंगली हाथी उसे बर्बाद कर देते हैं। इधर क्षेत्र के किसानों ने सरकार से मुआवजा देने की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ ही शीघ्र मुआवजे की मांग की है।

# खिजरी विधायक ने किया न्यू सपना रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बरगावां पंचायत के टाटारोड के पतरा टोली स्थित उरांव पेट्रोल पंप के समीप रविवार को न्यू सपना रेस्टोरेंट का उद्घाटन खिजरी विधायक राजेश कच्छप, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज सिंह और बरगावां की मुखिया अनिता तिर्की ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधायक कहा कि रेस्टोरेंट व्यवसाय स्वरोजगार का एक सशक्त माध्यम है, जिससे न सिर्फ खुद को, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर मिलते है। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता को सर्वोपरि रखने की सलाह दी। मनोज सिंह ने कहा कि प्रखंड में रेस्टोरेंट का खुलना क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि का संकेत है। इससे स्थानीय लोगों को परिवार संग अच्छा और स्वच्छ भोजन प्राप्त होगा। वहीं, रेस्टोरेंट के संचालक संतोष सिंह ने बताया कि यहां शाकाहारी एवं मांसाहारी दोनों प्रकार के भोजन सस्ते दामों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर संचालक विकास सिंह, किशन सिंह राजपूत, नंद किशोर सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, हिंदू नेता भैरव सिंह, बिक्कू सिंह, प्रभाष झा, संजीव सिंह, गोरखनाथ सिंह और तुलसी गोप आदि उपस्थित थे।

# नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में 'बॉलीवुड नाइट' का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय पोखारी में 'बॉलीवुड नाइट' का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर और डीजे कोयल ने अपनी शानदार प्रस्तुति से माहौल को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलाधिपति मदनमोहन सिंह, कुलपति प्रो डॉ प्रभात कुमार पाणि और अन्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रचलित कर किया गया। कनिका कपूर ने 'बेबी डॉल', 'चीटियां कलाईयां' जैसे लोकप्रिय गानों से छात्रों को झुमाया। वहीं डी जे कोयल ने बॉलीवुड ट्रैक्स पर छात्रों को नाचने पर मजबूर कर दिया। लगभग 4000 विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, फूड स्टॉल और मनोरंजक गतिविधियों का आनंद उठाया। कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में ऐसे कार्यक्रमों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

# सद्गुरु महर्षि मेंहीं परमहंस महाराज की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगडी चौधरी मुहल्ला स्थित संतमत सत्संग समिति के तत्वावधान में रविवार को संतमत सत्संग मंदिर मेंही आश्रम में सद्गुरु महर्षि मेंहीं परमहंस जी महाराज की 141 वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। रविवार की सुबह 5.30 बजे स्तुति प्रार्थना, ध्यान सत्संग एवं पुष्पांजलि इसके बाद सुबह सात बजे से प्रभात फेरी निकल कर जयंती का शुभारंभ किया गया। संतमत सत्संग समिति के वरीय सदस्यों ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे से सामुहिक भण्डारा हुआ जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद शाम चार बजे से स्तुति प्रार्थना, ध्यान सत्संग प्रसाद वितरण कर समारोह का समापन किया गया।

# पत्रकार की मां का निधन, शोक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे के वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा की मां कमला देवी (93) का शनिवार की रात निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थी। जिसके बाद रांची के रिम्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। कमला देवी अपने पीछे चार पुत्र, दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार रविवार की दोपहर टाटीसिलवे के स्वर्णरेखा नदी स्थित तीन सरिया मुक्तिधाम घाट पर किया गया। पुत्र ब्रजेश कुमार मिश्रा ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ा बेटा अशोक मिश्र, चंदन मिश्र, देशराज मिश्र, अमित मिश्र, गिरिधर मिश्र, हलधर मिश्र, अमन मिश्र, नित्यानंद मिश्र, भोलानाथ मिश्र, गुप्तेश्वर नाथ मिश्र, श्रीकांत मिश्र, कृष्ण मुरारी मिश्र आदि उपस्थित थे।

# कॉलेज निर्माण के 12 साल बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हुई आइटीआइ की पढ़ाई

## 3.4 करोड़ रुपये की लागत से बन कर तैयार हुआ है भवन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के चचकोपी गांव में योजना पर विचार किए बिना ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाने में करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए। इसका नतीजा यह हुआ कि संस्थान का भवन तो बनकर तैयार हो गया लेकिन इसका लाभ किसी को नहीं मिल रहा है। यह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ कॉलेज) शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। इसके निर्माण हुए 12 साल बीत चुके हैं, लेकिन इसे चालू नहीं किया गया है। इस वजह से तकनीकी शिक्षा के मामले में क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। जबकि रेलवे एवं बिजली विभाग सहित अन्य विभागों में नौकरी पाने के लिए आइटीआइ की योग्यता अनिवार्य किया गया है। फिर भी बेड़ो के चचकोपी में बने इस आइटीआइ कालेज को सरकार द्वारा चालू नहीं किया जा रहा है। जिससे यहां के युवक निराश हैं।

बतातें चलें कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए भवन का निर्माण तीन करोड़ चार लाख रुपये की लागत से वर्ष 2013 में हुआ था। इस भवन का निर्माण बेड़ो के चचकोपी गांव में किया गया है जो प्रखंड से मात्र आठ किलोमीटर की दूरी पर है। लोगों का कहना है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाने में करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि संस्थान का भवन तो बनकर तैयार हो गया लेकिन इसका लाभ किसी को नहीं मिल रहा है। वहीं, कौशल विकास योजना के तहत हर किसी में कौशल का विकास करना इसका मुख्य उद्देश्य था। अपने इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करोड़ों रुपये खर्च तो कर दिए गए, लेकिन प्रशिक्षण के लिए भवन का इस्तेमाल एक दिन भी नहीं हुआ। ऐसे में लक्ष्य प्राप्ति मात्र एक सपना बनकर रह गया है। भवन की हालत देखकर आज यही लगता है कि विभाग इसे लेकर पूरी तरह उदासीन हो चुका है। रखरखाव के अभाव में चारों तरफ झाड़ी उग गया है।

### भवन निर्माण के समय काफी उम्मीदें थी

गांव में रहने वाले लोगों एवं अभिभावकों से बात की गई तो उनलोगों ने बताया कि जब इस भवन का शिलान्यास हुआ तो हमें बहुत उम्मीदें थी। हमे लग रहा था कि हमारे बच्चों के पढ़ाई अब घर के सामने ही हो जायेगी। सरकारी कॉलेज होगा तो पैसा भी कम लगेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसे बने 12 साल बीत गये हैं, लेकिन पढाई शुरू नहीं हो पायी। अब भवन भी खंडहर में तबदील हो रहा है। कोई भी जिम्मेदार इसमें ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने सवाल किया कि जब इससे चालू ही नहीं करना था तो फिर बनाया ही क्यों?।

# जिप सदस्य ने किया ट्रांसफर का उद्घाटन

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोंस सरना टोली में विगत कई महीनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर के कारण लोग बेहद परेशान थे। इस बाबत ग्रामीणों के जिप सदस्य आदिल अजीम ने इसकी जानकारी दी। जिसके बाद उनके अथक प्रयास से 100 केवीए का ट्रांसफार्मर सरना टोली के लोगों के लिए विभाग से उपलब्ध कराया जिसका उद्घाटन रविवार को ग्रामीणों की उपस्थिति में जिप सदस्य ने किया। इस मौके पर अजय महतो, इम्तियाज आलम, मोहम्मद सईद, रंजीत उरांव, मंगरी उराव, नसरुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

# अज्ञात वाहन के धक्के से दंपति घायल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** वाहन के धक्के से रेहला के एक दंपति गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना रविवार की दोपहर 12 बजे की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार रेहला निवासी वीरेंद्र राम अपनी पत्नी शांति देवी के साथ घर से बाजार खरीददारी करने जा रहे थे। इसी बीच एक बोलेंरो ने पीछे से दोनों को धक्का मार दिया और वाहन लेकर फरार हो गया। इधर, पति-पत्नी को घायल अवस्था में विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये दोनों को मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया।

# नर्सरी तैयार कर अच्छी किस्मों का पौधरोपण करें किसान : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीडीसी शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में समाहरणालय के विकास शाखा स्थित सभागार में मनरेगा अंतर्गत पौधरोपण से जुड़े किसानों को फलदार पौधों की नर्सरी तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। डीडीसी ने किसानों को नर्सरी तैयार कर गुणवत्ता पूर्ण एवं अच्छी किस्मों का पौधरोपण करने की सलाह दी। मनरेगा अंतर्गत फलदार नर्सरी बनाने के लिए प्रत्येक प्रखंड से पांच-पांच मनरेगा के बागवानी के लाभुकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, प्रदान सीएसओ लंकेश कुमार ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान किसानों को फलदार पौधों की नर्सरी तैयार करने की तकनीकी जानकारी दी गई। उन्हें पौधा से ग्राफ्टिंग कर नया पौधा तैयार करने की विधि बताई गई। प्रशिक्षण में पूर्व से मनरेगा के बागवानी योजना से जुड़े 105 किसानों ने भाग लिया। प्रत्येक प्रखंड से पांच-पांच मनरेगा के बागवानी के लाभुक प्रशिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षकों के अलावा मनरेगा के परियोजना पदाधिकारी उपेंद्र राम, तकनीकी सहायक संजीत कुमार, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा सहित प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिला ने देवर की लाठी से पीटकर की हत्या, गिरफ्तार



चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर थाना क्षेत्र के चितरपुर गांव में भाभी ने अपने ही देवर की लाठी से पीट कर निर्माण हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार के दिन रात देवर भाभी में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी जिससे गुस्से में आकर भाभी लालो सियोर पति करमन सियोर (40) ने अपने देवर रामलाल सीहोर की लाठी से सर पर पिटाई कर दी। पिटाइ के बाद रामलाल अपने कमरे में सोने चला गया कुछ देर बाद भाभी खाना देने के लिए कमरे में गई तो देखा कि रामलाल की मौत हो चुकी है। लालो सीहोर का पति करमन सीहोर केरल में मजदूरी का काम करता है। बताया जा रहा है कि घटना के समय मृतक शराब के नशे में था जिसके कारण भाभी के साथ कहा सुनी हुई थी। अंदेसा लगाया जा रहा है की हत्या नशे के कारण की गई हो। उक्त घटना की सूचना चैनपुर पुलिस को शनिवार की देर शाम लगभग 6:00 बजे मिली चैनपुर पुलिस शनिवार को चितरपुर गांव पहुंचकर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के पिता सुखु मुंडा ने चैनपुर थाने में आवेदन देकर अपने पुत्रवधू पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी भाभी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। चैनपुर पुलिस हत्या के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

## मंईयां योजना के सत्यापन के नाम पर लाभुकों से की जा रही है पैसे की वसूली

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने बताया कि नगरीय क्षेत्र के वार्ड में निवास कर रहे लोगों ने फोन से बताया कि सभी सेविकाएं 200 मैया समान योजना को सत्यापन के नाम पर ले रही हैं। जो नहीं दे रहा है उनका कार्य नहीं कर रही है। और जो पेंशनधारी है विधवा पेंशन विकलांग दिव्यांग उन लोगों से भी 50 सत्यापन के नाम से मांगा जा रहा है। सेविकाएं बेखौफ होकर मंईयां सम्मान योजना में 200 और पेंशनधारियों से 50 की वसूली कर रहे हैं जब से मंईयां सम्मान योजना शुरू हुई है सेविकायें कई बार पैसा ले चुकी है। मोहल्ले वासियों ने अपनी समस्याओं को साझा करते हुए बताया कि हम सभी लाभुक जो बहुत गरीब हैं और मंईयां सम्मान योजना का जो सत्यापन के लिए हम लोग लगातार परेशान हैं और सत्यापन के लिए 200 की वसूली सेविकाओं से लेकर अन्य दलालों और विषयों के माध्यम से किया जा रहा है। मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने स्पष्ट करते हुए कहा कि किसी तरीके के बिचौलियों और दलालों को मैया सम्मान योजना का सत्यापन के नाम पर किसी को एक पैसा भी नहीं देना है। जब कभी भी कोई ऐसी उगाही करते हैं तो सीधे रूप से संबंधित पदाधिकारी को आवेदन बनाकर प्रशासन को सौपना है मिशन बदलाव ने फोन के माध्यम से उपायुक्त को अवगत कराया गया है।

## सड़क दुर्घटना के बाद एंबुलेंस से दूल्हा पहुंचा मंडप में

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला रांची राष्ट्रीय राजमार्ग महुआ डिपा पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की रात 11:30 बजे एक ट्रक जेएच 02 बीडी 2022 दूल्हा सवार बाराती कार जेएच 02 बीइ 7360 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में कार के अंदर सवार पांच लोगों को हल्की चोट लगी। लेकिन कार डिवाइडर से टकराकर उसके उपर चढ़ गया साथ ही उसका अगला चक्का ब्लास्ट कर गया। टक्कर से कार भी क्षतिग्रस्त हुआ। इसके बाद ट्रक घटनास्थल से तेजी से गुमला की ओर फरार हो गया। लोगों ने घटना की सूचना गुमला पुलिस को दी। वहीं पुलिस ट्रक को खोजने में जुट गयी। लेकिन ट्रक का कहीं पता नहीं चला। वहीं घटना के बाद कुछ लोगों ने ट्रक के नंबर का फोटो खींच लिया। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से कार को किसी तरह सड़क के किनारे किया गया तभी रांची से गुमला की ओर आ रहे एंबुलेंस चालक डमरूधर साहु भीड़ देखकर रुक गया और घटना की जानकारी ली। बारात भरनो थाना क्षेत्र के डुंबो गांव से सिसई के बर गांव जा रहा था। कार में दूल्हा के साथ बच्चे भी सवार थे जिन्हें हल्की चोट लगी। इसके बाद दूल्हा सहित बारातियों को एंबुलेंस चालक बर गांव बारात लेकर पहुंचा। जहां एंबुलेंस से दूल्हा के बारात आने पर सभी अचंभित हो गये। इसके बाद पूरे घटना की जानकारी लोगों को दी गयी। ट्रक के नंबर से ट्रक का डिटेल पता किया गया। पता चला कि ट्रक हजारीबाग जिला के पदमा निवासी अनिल कुमार मेहता का है। मामले को लेकर रविवार की अपराह्न 4 बजे सिसई थाना में ट्रक चालक के विरुद्ध लिखित प्राथमिक दर्ज की गयी है।

# तेलंगाना टनल हादसे में मृत श्रमिकों का शव नहीं मिला, तो परिजनों ने पुतले की अंत्येष्टि की

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। तेलंगाना के नागरकुलम टनल हादसे में लापता गुमला जिले के तिर्रा गांव निवासी मजदूर संतोष साहू की मौत की अब पुष्टि भले ही हो गयी हो, लेकिन उसका शव आज तक नहीं मिला। हादसे के 80 दिन बाद जब सारी उम्मीदें टूट गयी, तो रविवार की सुबह परिजनों ने संतोष के नाम का पुतला बनाकर हिंदू धर्म के अनुसार विधिपूर्वक अंतिम संस्कार किया। सुबह छह बजे से ही तिर्रा गांव में शोक का माहौल था। परिजनों ने पहले पुतला तैयार किया, फिर पूरे विधि-विधान से शवयात्रा निकाली गयी। गांव के सैकड़ों लोग इसमें शामिल हुए। संतोष का प्रतीकात्मक शव जब श्मशान पहुंचा, तो पूरा माहौल गमगीन हो गया। अंतिम संस्कार की सभी परंपराएं निभायी गयी।

**सात वर्षीय बेटे ने दी मुखाग्नि, मासूम की चीखों से कांप उठा श्मशान :** सबसे मार्मिक क्षण तब आया, जब संतोष के सात वर्षीय बेटे ऋषभ ने पुतले को मुखाग्नि दी। बच्चों की रोती-बिलखती आंखों से निकलते आंसुओं ने हर किसी की आंखें नम कर दीं। संतोष की पत्नी संतोषी देवी बदहवास थीं। तीनों बच्चे – 12 वर्षीय रीमा, 10 वर्षीय राधिका और छोटा बेटा ऋषभ – पिता की तस्वीर से लिपटकर बिलखते रहे।

**हादसे के 80 दिन बाद टूटी उम्मीद, बंद हो गया रेस्क्यू ऑपरेशन :** गौरतलब है कि 22 फरवरी को तेलंगाना के नागरकुलम क्षेत्र में सुरंग निर्माण के दौरान बड़ा हादसा हुआ था। इस हादसे में तिर्रा गांव निवासी मजदूर संतोष साहू सुरंग में फंस गया था। रेस्क्यू अभियान कई दिनों तक चला, लेकिन संतोष का कोई सुराग नहीं मिला। अंततः तेलंगाना सरकार ने टनल क्षेत्र को 'रेड जोन' घोषित कर खोज अभियान रोक दिया।

**मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ तेलंगाना सरकार ने दिये 25 लाख रुपये :** शव न मिलने के बावजूद सरकार ने परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र सौंप दिया। साथ ही, मुआवजे के तौर पर तेलंगाना सरकार की ओर से गुमला उपायुक्त के माध्यम से 25 लाख का चेक संतोष के परिवार को दिया गया।

**झारखंड सरकार से अब तक नहीं मिला कोई सहयोग :** संतोष की पत्नी संतोषी देवी ने बताया कि झारखंड सरकार की ओर से अब तक किसी प्रकार की मदद नहीं मिली है। उन्होंने राज्य सरकार से रोजगार और बच्चों की बेहतर शिक्षा की व्यवस्था की मांग की है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सरकार की ओर से बच्चों की पढ़ाई को लेकर केवल मौखिक आश्वासन मिला था, लेकिन कोई ठोस पहल अब तक नहीं हुई।

# संत जॉन कैथोलिक में मनाया गया बाबा दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



चैनपुर। चैनपुर के संत जॉन कैथोलिक परिसर में रविवार को काफी धूमधाम के साथ बाबा दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम फादर डीन जेविरियानुस किंडो ने सहयोगी अनुष्ठानकर्ता फादर पवन के साथ पवित्र मिश्रा पूजा संपन्न करायी। फादर डीन ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु ईसा मसीह के पालक पिता संत जोसेफ थे। उन्होंने ही प्रभु ईसा मसीह का लालन-पालन किया था, उसी तरह सभी पिता अपने बच्चों का लालन-पालन अच्छे से करें सभी पीताओं के लिए आज बाबा दिवस समारोह आयोजित की गयी है। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण के लिए हमारे बीच मेल प्रेम एकता और भाईचारा हो सिर्फ अपनों के साथ ही नहीं बल्कि सबों के साथ हमारा व्यवहार अच्छा होना चाहिए। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि फादर डीन को स्वागत कर मंच तक लाया गया, जहां मुख्य अतिथि के द्वारा बाबा दिवस का झंडा उत्तोलन किया गया। वहीं बाबाओ के द्वारा पुष्प गुच्छ और माला पहनाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

## लायंस क्लब में मातृ दिवस पर समारोह



गुमला (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब गुमला द्वारा रविवार को क्लब हॉल में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायंस राजकुमार अग्रवाल ने की। उन्होंने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि मातृ दिवस हर इंसान के लिए एक भावनात्मक और विशेष दिन है, जब हम अपनी मां के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करते हैं। क्लब के सचिव अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि मां जीवन की पहली गुरु होती है और उनका त्याग, स्नेह और योगदान अतुलनीय होता है। जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मातृ दिवस पर हमें मां के प्रति अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करना चाहिए और उनके समर्पण को सच्चा सम्मान देना चाहिए। प्रथम उपाध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने भावुक होते हुए कहा कि मां स्वयं गीले में सोकर हमें सूखे में सुलाती थी, आज भी वही ममता हमारे जीवन की प्रेरणा है। पूर्व अध्यक्ष डॉ शंकर लाल जाजोदिया ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि लायंस क्लब हमेशा सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहता है और यह आयोजन उसी परंपरा का हिस्सा है। समारोह के अंत में विभिन्न क्षेत्रों से आई 16 माताओं को स्मृति स्वरूप तौलिया, पैड, पेन और नाश्ते का पैकेट भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, मनमोहन केसरी, विशाल कुमार बिद्धू, शिवकुमार लाल, संजय अग्रवाल, गुलाबचंद प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद साहू, शशि किरण जायसवाल, रीता लाल, अनुराधा प्रसाद, रीता कुमारी गुप्ता, सरोज कुजूर, मोनिका टोप्पो, पुनीत एक्का सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जामुन जंगल में युवक ने लगायी फांसी

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के हकाजागं गांव स्थित जामुन जंगल से 20 वर्षीय जयप्रकाश सिंह पिता बहादुर सिंहओरवाई थाना लातेहार का शव दुपट्टा के सहारे सखुआ के पेड़ से लटका हुआ पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंपा है। मृतक के पिता बहादुर सिंह ने बताया की पिछले डेढ़ माह से जयप्रकाश हाकाजंग गांव में अपने मंगेतर पूजा कुमारी के घर में साथ में रह रहा था और अक्सर दोनों एक दूसरे के घर में आना जाना करते रहते थे। शनिवार को अचानक मृतक दोपहर के समय में घर से निकला और जंगल में जाकर खुदकुशी कर ली घटना की सूचना मिलने पर तत्काल बिशुनपुर थाना के सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।










































# शिक्षा आदर्श समाज की आधारशिला होती है : योगेंद्र प्रसाद

## गोमिया डिग्री कॉलेज में स्मार्ट क्लास रूम और सीएससी सेंटर का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ललपनिया।** राज्य के पेयजल, स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रविवार को गोमिया डिग्री कॉलेज में स्मार्ट क्लास रूम और सीएससी सेंटर का उद्घाटन किया। इससे पूर्व मंत्री का स्वागत कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भव्य तरीके से किया। कार्यक्रम में खास तौर से विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रामकुमार सिंह, बेरमो केबी कॉलेज के प्रिंसिपल लक्ष्मी नारायण, तेनुघाट डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल सुदामा तिवारी, गोमिया डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल सरिता श्रीवास्तव, गोमिया विधायक प्रतिनिधि अमित पासवान संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। वहीं, अपने संबोधन में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा एक आदर्श समाज की आधारशिला होती है। आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। स्मार्ट क्लास रूम शुरू होने से विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से किसी भी विषय को आसानी से समझने में सुविधा होगी। राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा संकल्प है कि शिक्षा के क्षेत्र में कोई भी विद्यार्थी संसाधनों की कमी के कारण पीछे ना रहे। साथ ही आज के दिन कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए सीएससी सेंटर की भी शुरूआत की जा रही है। यह केंद्र विद्यार्थियों के ऑनलाइन कार्य जैसे प्रमाण पत्र, स्कॉलरशिप आदि कार्यों को आसानी से पूरा करने में सहायक होगा। कार्यक्रम को विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के कुलपति डॉ रामकुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्रोफेसर नितिन चेतन तिग्गा, मनोहर मांझी, डॉ सुलभा कुमारी, पंकज सिंह, रोशन कुमार दास, डॉ गीता कुमारी, डॉ रामाशंकर पटेल, अमित करमाली, अजय कुमार देव, शिक्षकेत्तर कर्मचारी अभिषेक कुमार, विमल कुमार, राहुल कुमार और नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



गोमिया डिग्री कॉलेड में स्मार्ट क्लास रूप का उद्घाटन करते मंत्री योगेंद्र प्रसाद।

# गीत-संगीत एवं भक्ति कार्यक्रम से मिलती है ऊर्जा : मंत्री योगेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कसमार/बेरमो।** कसमार प्रखंड के चैनपुर में आयोजित पांच दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ के तीसरे दिन शनिवार की रात राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद भी शामिल हुए। उन्होंने भक्ति जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया। कहा कि गीत, संगीत एवं भक्ति जागरण से लोगों में नई ऊर्जा का संचार होता है। इससे लोगों का मानसिक तनाव दूर होता है। इस मौके पर कसमार प्रमुख नियोति कुमारी, कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो भी मौजूद थे। वहीं, उद्घाटन समारोह के बाद हेमंत दूबे ने एक से बढ़कर एक हिंदी, खोरठा और बांग्ला आदि भाषा में भजन और गीत गाकर श्रोताओं को रातभर झुमाया। हेमंत दूबे ने गणेश वंदना के बाद एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। गजानंद घर में पधारो, भांगड़ भोला बेटी रकम जमाय नाहीं पाइला रे आदि कई गीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। इस मौके पर चैनपुर यज्ञ समिति के अध्यक्ष महादेव महतो, सचिव नरेश महतो, कोषाध्यक्ष निर्मल महतो उर्फ मलमल, उपाध्यक्ष महेश महतो, उपसचिव रोहित महतो, उपकोषाध्यक्ष बालेश्वर महतो, मंत्री के आप्त सचिव उमेश महतो, डॉ संतोष महतो, बबीता देवी, बिनु महतो, रेशमी देवी, रीना देवी, सरिता देवी, प्रियंका कुमारी, कोकिला देवी, नीलम देवी, सूबो देवी, सरस्वती देवी, मीना देवी, अनिता देवी, धीरेन्द्र नाथ महतो, दुर्गाचरण महतो, एनुल अंसारी, छत्रुराम महतो, मदन महतो, पवन महतो, रामेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

# 100 केवीए के ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** राज्य के पेयजल, स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के अनुज चित्रगुप्ता महतो ने गोमिया प्रखंड के होसिर पश्चिमी पंचायत मियांबन्ध में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुखिया पार्वती देवी, कुन्दा पंचायत के पूर्व मुखिया सचिन महतो, समाजसेवी महावीर दास, टुनटुन राम उपस्थित रहे। इस अवसर पर चित्रगुप्त महतो ने कहा कि ट्रांसफार्मर के लगने से मियांबंध ग्रामीणों की बिजली समस्या दूर होगी और लोगों को इस भीषण गर्मी में राहत मिलेगी। इस मौके पर वार्ड सदस्य परमेश्वर रविदास, खगेंद्र रविदास, रामदेव रविदास, संजय रविदास, हेमंत कुमार दास, सिकंदर रविदास, पप्पू रविदास, शंभु रविदास, अशोक रविदास, गिरिधारी रविदास और बिनोद रविदास आदि उपस्थित रहे।

# धनबाद में पिकअप वैन पलटने से गिरिडीह के 30 मजदूर घायल, आठ की हालत गंभीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तोपचांची/धनबाद।** तोपचांची थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित लेदाटांड़ मोड़ के पास रविवार को तोपचांची से कतरास की ओर जा रही पिकअप वैन असंतुलित होकर पलट गयी। इस हादसे में वैन में सवार 30 मजदूर घायल हो गये। जिसमें से आठ की हालत गंभीर बतायी जा रही है। इसकी सूचना पाकर एनएचएआइ के कर्मी एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंच गये और घायल मजदूरों को तोपचांची के साहोबहियार सीएचसी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एसएसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया। वहीं, पुलिस ने वैन को जब्त कर लिया है। पुलिस की मानें तो सभी घायल मजदूर गिरिडीह जिले के मधुबन, पीरटांड़ और डुमरी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनकी पहचान नारायण गोड़ा, नवासार, चूटरुग बेड़ा के अनिल मुर्मू, मंझली देवी, लखी देवी, सोमरा हेंब्रम, हीरालाल, दुर्गा हेंब्रम, पंकज मुर्मू, दासो, चडय मरांडी, मालती देवी, रीतलाल मरांडी, दिनेश हेंब्रम, रीतलाल मुर्मू, चांदमुनी देवी, बिरजू मुर्मू, बिजू मरांडी, देवती देवी, सोनाधी सोरेन आदि के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गयी। घटना में घायल लोग दर्द से कराह रहे थे। वैन पलटने के बाद मजदूर सड़क पर काफी दूर तक रगड़ाते चले गये। एक साथ 30 घायलों को तोपचांची सीएचसी लाये जाने के बाद वहां अफरातफरी मच गयी। चिकित्सकों एवं कर्मियों ने जहां-तहां लिटा कर घायलों की मरहम पट्टी की। घायलों की संख्या अधिक होने के कारण धनबाद से आधा दर्जन एंबुलेंस तत्काल मंगायी गयी। एंबुलेंस चालक एवं एटेंडेंट घायलों की मरहम पट्टी कर रहे थे।



### गिरिडीह से कोयला काटने दो हजार मजदूर आते हैं कतरास

**घायल एतवारी बेसरा ने बताया कि गिरिडीह से कोयला काटने के लिए दो हजार मजदूर वाहनों से बाघमारा, भाटडीह, कतरास, सोनारडीह, बरोरा आदि क्षेत्र में जाते हैं। प्रति मजदूर एक हजार रुपए मजदूरी दी जाती है। इस काम के लिए डुमरी, मधुबन, पीरटांड़, खुखरा थाना क्षेत्र से एजेंट के माध्यम से पिकअप वैन से मजदूरों को लाया जाता है।**

# हक एवं अधिकार के लिए एमपीएल का रेल परिचालन तक करेंगे बंद : उज्ज्वल तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चिरकुंडा।** निरसा-जामताड़ा रोड हाड़ियाजाम स्थित निरसा हाईवा परिवहन स्वावलंबी सहकारी समिति कार्यालय में रविवार को प्रेसवार्ता कर एसोसिएसेन के अध्यक्ष उज्जवल तिवारी एवं संरक्षक संजय सिंह ने कहा कि वर्तमान में एमपीएल रैक की मदद से कोयला लिया जा रहा है। जिस कारण हम हाइवा मालिको की स्थिति बहुत दयनीय हो गयी है। हाइवा का परिवहन लगभग ना के बराबर हो चुका है। गाड़ी मालिक सुचारू रूप से अपना घर परिवार का भरन पोषण तक नहीं कर पा रहा है। इसे देखते हुए पिछले दिनों सभी हाइवा मालिकों ने बैठक कर एमपीएल के वादा खिलाफी और मनमाने रवैया के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। अपने हक-अधिकार के लिए सोमवार की शाम एमपीएल के मुख्य द्वार के समीप मशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि हर बार हम लोग आंदोलन करते हैं। जिसके बाद एमपीएल और ट्रांसपोर्टरो की सामूहिक बैठक कर झूठे आश्वासन देकर उनकी आवाज को दावा दिया जाता है। पर इस बार हम सभी गाड़ी मालिकों ने ठान लिया है कि इस बार किसी प्रकार के बहकावे में नहीं आयेंगें। इस बार हक-अधिकार को लेकर आरपार की लड़ाई होगी। जरूरत पड़ी तो रेलवे ट्रैक को भी रोका जाएगा। कहा कि हाइवा मालिक वर्तमान में राजनीति के शिकार हो रहे है। कुछ ऐसे राजनीतिक दल के नेता के इशारे पर ट्रांसपोर्टर अपनी दबंगई नीति अपना रहे है। जिन्हें सही समय पर हाइवा मालिको की ओर से जवाब दिया जाएगा।

# बाघमारा विधायक की मौजूदगी में मृतक के पुत्र को सौंपा गया नियोजन पत्र



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र में संचालित जमुनिया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कार्यरत गीता देवी का धनबाद सेंट्रल अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार की सुबह मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के परिजन एवं स्थानीय यूनियन प्रतिनिधियों ने नियोजन की मांग को लेकर ब्लॉक टू क्षेत्रीय कार्यालय में शव के साथ प्रदर्शन किया था। काफी मशक्कत के बाद बीसीसीएल प्रबंधन के मृतक के पुत्र रमेश कुमार रविदास को रविवार को बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो की मौजूदगी में नियोजन पत्र सौपा। बतातें चलें कि ड्यूटी से घर जाने के क्रम में तबीयत खराब होने के बाद जमुनिया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कार्यरत महिला कर्मी गीता देवी को आनन फानन में परिजन अस्पताल ले गये थे, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद बेहतर उपचार के लिए धनबाद के सेंट्रल अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। इसके बाद मृतका का पुत्र अपने परिजनों के साथ ब्लॉक टू के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य गेट पर शव रखकर नियोजन और मुआवजा देने की मांग करने लगा। इसकी सूचना मिलते ही ब्लॉक टू क्षेत्र के सभी यूनियन प्रतिनिधि एवं बाघमारा विधायक शत्रुध्न महतो आदि ने भी मृतका के आश्रित को तत्काल नियोजन देने की मांग की। स्थिती गंभीर होते देख कर ब्लॉक टू क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा तुरंत सभी यूनियन प्रतिनिधियों की एक आपात बैठक महा-प्रबंधक कार्यालय में की। वहां नियोजन नहीं देने पर क्षेत्र का उत्पादन ठप्प कर देने की चेतावनी दी गयी। जिसके बाद लंबी वार्ता एवं बाघमारा विधायक के हस्तक्षेप के बाद यूनियन एवं प्रबंधन के बीच विभिन्न बिंदुओं पर पर सहमति बनी। जिसके बाद नियोजन पत्र सौंपा गया। इस मौके पर गोपाल मिश्रा, उत्तम पाण्डेय, तुलसी साव, गोपाल चंद्र गोप, मुरारी पाण्डेय और प्रताप कुमार वर्णवाल आदि उपस्थित रहे।

# मातृ दिवस पर श्री कृष्णा मातृ सदन में गूंजी किलकारी, तीन माताओं ने पाया मातृत्व सुख

**कतरास (आजाद सिपाही)।** मातृ दिवस पर रविवार को कतरास के रानी बाजार स्थित श्री कृष्णा मातृ सदन में तीन महिलाओं को मातृत्व का सुख प्राप्त हुआ। इस खास दिन दो माताओं ने पहली बार मां बनने का सुखद अनुभव पा.ा, जबकि अन्य एक महिला दूसरी बार मां बनी। धनबाद के सबलपुर की सुधा कुमारी पहली बार मांग बनीं। जबकि डुमरी, नावाटांड की संजीदा प्रवीण भी पहली बार पुत्र को जन्म दिया। जबकि बिहार के जहानाबाद की नेहा कुमारी दूसरी बार पुत्री को जन्म दिया। अस्पताल की संचालिका डॉ शिवानी ने तीनों माताओं को शुभकामनाएं दी और उनके एवं नवजातों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# युवक पर चाकू से हमला

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। जोरापोखर थाना क्षेत्र के जियलगोरा हाड़ी पट्टी में रविवार की दोपहर मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद में अनिकेत कुमार नामक युवक ने अपने ही दोस्त राहुल हाड़ी को चाकू मारकर घायल कर दिया। राहुल ने अनिकेत के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। राहुल ने बताया कि शुक्रवार को अनिकेत ने उसका मोबाइल ले लिया था। रविवार को जब उससे मोबाइल फोन मांगा तो उसने देने से इन्कार कर दिया और झगड़ा करने लगा। इसी क्रम में उसने चाकू से वार कर दिया।**

# 'मां सिर्फ एक रिश्ता नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन की प्रेरणा होती है : माधुरी सिंह

### मदर्स डे पर असर्फी अस्पताल ने संघर्षशील माताओं को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** मदर्स डे के अवसर पर रविवार को असर्फी अस्पताल में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य समाज में माताओं की शक्ति, नेतृत्व क्षमता और संघर्षशीलता को सम्मानित करना था। इस दौरान अस्पताल की ओर से 15 संघर्षशील माताओं को सम्मानित किया गया। इनमें प्रेरणादायी महिला नेता और एकल माताएं शामिल थीं, जिन्होंने अपने परिवार और समाज के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य के अतिथि के रूप में असर्फी अस्पताल की निदेशक माधुरी सिंह और नीतू सिंह उपस्थित थी। वक्ताओं ने कहा कि ये सभी महिलाएं मातृत्व की सच्ची भावना, साहस और दृढ़ संकल्प की प्रतीक हैं। असर्फी अस्पताल ने इस आयोजन के माध्यम से नारीशक्ति को नमन करते हुए मातृत्व को नई गरिमा प्रदान करने का प्रयास किया है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में असर्फी अस्पताल की महिला टीम का विशेष योगदान रहा। मानव संसाधन अधिकारी उपयुक्ता, मितु और एकता दुबे ने कार्यक्रम की रूपरेखा और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, असर्फी अस्पताल की निदेशक माधुरी सिंह और नीतू सिंह ने कहा कि 'मां सिर्फ एक रिश्ता नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन की प्रेरणा होती है।' आज का दिन इन्हीं प्रेरणादायी माताओं को समर्पित है।

# ओएनजीसी के अधीन लंबित मापी कार्य के लिए दंडाधिकारियों की हुई प्रतिनियुक्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कथारा/बेरमो।** बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ ने गोमिया अंचल में ओएनजीसी के अधीन लंबित मापी कार्यों को गति देने के लिए प्रशासनिक स्तर पर अहम कदम उठाया है। गोमिया सीओ आफताब आलम के कार्यालय आदेश के अनुसार मापी से संबंधित कुल 11 स्थलों पर शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों की तिथिवार प्रतिनिधि नियुक्ति की गई है। पिछले दिनों ओएनजीसी पदाधिकारीयों और सीओ के बीच हुई बैठक में यह तथ्य सामने आया कि अधिकांश कार्य मापी के अभाव में लंबित है। इस स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने राजस्व उप निरीक्षक, अंचल अमीन, अंचल निरीक्षक एवं ओएनजीसी के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर मापी कार्य पूरा करने के निर्देश दिये हैं। सभी स्थल का ऑनलाइन आवेदन अजय कुमार, ओएनजीसी अंचल कार्यालय के कर्मी की देखरेख में कराया जाएगा। मापी के समय ओएनजीसी के एक पदाधिकारी कागजातों के साथ मौजूद रहेंगे, ताकि ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी दी जा सके। मापी की प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए गोमिया थाना, तेनुघाट ओपी एवं कथारा ओपी के थाना प्रभारियों को पुलिस बल (महिला-पुरुष) की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। इस समूचे कार्य की निगरानी सीओ आफताब आलम करेंगे, जो विधि व्यवस्था के वरीय प्रभार में रहेंगे। बीई 21 महली बांध 10 मई को, भोलाडीह ढेढे गोमिया पहुंच पथ 14 को, आईबीई 31 महली बांध 17 को, बीई-43 गोमिया पहुंच पथ 20 को, बीई -3 महली बांध 23 को, बीके-11 हजारी 20 को, बीई-17 भुरकुंडवा बस्ती 29 को, बीके- 15, 85 दलाल टोला 17 और बीके-1 पलानी 21 जून को मापी की जाएगी।





## भारतीय रेड क्रास सोसाइटी की ओर से रक्तदान शिविर सह रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन

# रक्तदान से बड़ा कोई महादान नहीं, जो दूसरों की जान बचती है : दिलीप सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** मानव अधिकार प्रोटेक्शन और भारतीय रेस रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को नावाडीह, विनोद बिहारी चौक स्थित कावेरी रेस्टोरेंट के सभागार में रक्तदान सह रक्तदाना सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने, समय-समय पर जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने वाले युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक सह भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त सचिव एवं समारोह के मुख्य अतिथि दिलीप सिंह सहित अन्य रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से मानव अधिकार के पदाधिकारिओं को समाज में महत्वपूर्ण योगदानों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिलीप सिंह ने कहा कि युवाओं के जिम्मेदारी है कि वे रक्तदान शिविरों में बढ़ चढ़कर रक्तदान करें। ना सिर्फ खुद रक्तदान करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। रक्तदान एक महाकल्याणकारी कार्य है। इससे दूसरों की जान बचती है। रक्तदान शिविर में अशर्फी अस्पताल के ब्लड सेंटर के मनीष-प्रदीप और उनकी टीम ने रक्त संग्रह में योगदान दिया। इस दौरान 50 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर में अधिकार प्रोटेक्शन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा सिंह, प्रदेश सचिव सुदिस्ट कुमार, महासचिव मुख्तार अहमद, कौशिक मिश्रा, जिला सचिव जमीर आरिफ, महिला अध्यक्ष गीता सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीत सिंह, बालेश्वर कुशवाहा, प्रमोद पासवान, संजय सिंह, बिट्टू सिंह, सुनील कुमार सिंह, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की नोडल पदाधिकारी बेनजीर परवीन, एम्बुलेंस सर्विस के नोडल पदाधिकारी देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।





# मदर्स डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मदर्स डे के अवसर पर रविवार को सखियां फाउंडेशन एवं साथी फाउंडेशन के तत्वाधान में एसजेएएस सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीजेकेएमएस के महामंत्री एवं कांग्रेस के महासचिव रणविजय सिंह, जिलापरिषद चेयरमैन शारदा सिंह, श्रीराम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप सिंह और भाजपा नेता मिल्टन पार्थसारथी की ओर से संयुक्त रूप से शिविर का शुभारंभ कराया गया। सभी अतिथियों को एसजेएएस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीइओ डॉ जितेंद्र कुमार सिंह ने बुके और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं डोनर में अरपीएफ बटालियन के सदस्य बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिऐ। इस दौरान एक युवती ने पहली बार रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सखियां फाउंडेशन की अध्यक्ष भारती दूबे, सचिव फिरदौस अफशान, साथी फाउंडेशन संस्था के फाउंडर सचिव इरफान आलम, आरपीएसएफ इंस्पेक्टर अरुण दुबे, ब्लड डोनार के इंचार्ज सुदीप पाण्डेय उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर में शहीद जवान और लोगों की आत्मा की शांति के लिए बैद्यनाथ मंदिर में हवन - विशेष पूजा

- भारत की रक्षा के लिए तीर्थ पुरोहितों ने की भगवान से प्रार्थना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथधाम के तीर्थ पुरोहित चंद्रशेखर खवाड़े के नेतृत्व में मां भारती के वीर सपूतों की शहादत को नमन करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए तथा मां भारती को सुरक्षित रखने वाले सैनिकों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए रविवार को बाबा बैद्यनाथ मनोकामना लिंग पर जलार्पण एवं पूजन करने के बाद यहां के पंडितों द्वारा एक विशेष हवन किया गया।

आचार्य ललन द्वारी की देखरेख में यह अनुष्ठान हुआ। इसमें यहां के सभी तीर्थ पुरोहितों और मंदिर में उपस्थित अन्य प्रदेशों से आये भक्तों द्वारा आहुति अर्पित कर भारतीय सेना के शौर्य को बढ़ाने और शहीद सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए बाबा बैद्यनाथ, माता पार्वती से प्रार्थना की गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे चंद्रशेखर खवाड़े ने बताया कि बाबा बैद्यनाथ धाम के तीर्थ पुरोहित हमेशा देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत रहते हुए देश की सेवा में अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले देश की सेना और ऐसे देशभक्त शासकों के हित के लिए बाबा बैद्यनाथ से हमेशा प्रार्थना करते रहते हैं। भारतीय सैनिकों के सम्मान उनके शौर्य को और अधिक संबलता हासिल हो, इसी कामना के साथ बाबा मंदिर में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। बाबा बैद्यनाथ सभी सैनिकों को सुरक्षित और स्वस्थ रखें तथा हमारे सैनिकों की शौर्य गाथा दुनिया के सभी देशों में गायी जाये, ऐसा संबल हमारे सैनिकों को बाबा बैद्यनाथ की प्रदान करें। पाकिस्तान की ओर से की जाने वाली गोलाबारी से बने युद्ध के माहौल में शहीद हुए हमारे सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए रविवार को बाबा बैद्यनाथ के मनोकामना लिंग पर जलार्पण, पूजन तथा हवन किया गया। हम हमेशा धर्म की जय और अधर्म का नाश के पक्षधर तथा विश्व कल्याण के समर्थक हैं।



## प्रकाश केसरी सम्मानित किये गये



देवघर (आजाद सिपाही)। बैद्यनाथधाम केसरवानी वैश्य सभा की ओर से राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होने पर देवघर के प्रकाश केसरी के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन केसरवानी आश्रम के सभागार में किया गया। गत दिनों राष्ट्रपति ने सामाजिक कार्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रकाश केशरी को सम्मानित किया था। बैद्यनाथधाम केसरवानी वैश्य सभा के सदस्य और केसरवानी गरीबनाथ सेवा समिति के सदस्यों ने प्रकाश केसरी के सम्मान को समाज के लिए गर्व बताया। कहा कि प्रकाश केसरी समाज की उन्नति के लिए हमेशा कार्य करते रहते है। उनका सम्मान में बैद्यनाथधाम केसरवानी वैश्य सभा, तरुण सभा, महिला सभा, केसरवानी गरीबनाथ सेवा समिति की पूरी कमेटी ने उनका सम्मान अंग वस्त्र बुके माला पहनाकर किया। कार्यक्रम में केसरवानी समाज के अध्यक्ष दीपक केसरी, रितेश केशरी, अरुण केशरी, विजय केशरी, संजय केशरी, विक्रम केशरी, अजीत केशरी, लोकनाथ केशरी, अनिल केशरी, राजकुमार केशरी, आतिश केशरी, सुभाष केशरी, मुकेश केशरी, बासुकी केशरी, नित्यानंद केशरी, अनूप केशरी, सोनू केशरी और गौरव केशरी मौजूद थे।

## राजद नेता कृष्ण सिंह यादव बने गिरिडीह के एडीआरओ



देवघर (आजाद सिपाही)। देवघर के वरिष्ठ राजद नेता कृष्ण सिंह यादव को गिरिडीह जिले का सह निर्वाची पदाधिकारी (एडीआरओ) बनाया गया है। इस संबंध में झारखंड झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य निर्वाची पदाधिकारी गिरधारी गोप ने पत्र जारी कर दिया है। राजद का जिला स्तरीय चुनाव (2025- 28) कराने के लिए एक जिले में दो नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी है। एक को जिला निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है, जबकि दूसरे को सह निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। सह निवार्ची पदाधिकारी बनाए जाने पर कृष्ण सिंह यादव ने अपने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद यादव, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, राजद के झारखंड प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय प्रसाद यादव, देवघर विधायक सुरेश पासवान और राज्य निर्वाची पदाधिकारी गिरधारी गोप के प्रति आभार जताया है। कृष्ण सिंह यादव ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा और राजद को झारखंड में आगे बढ़ायेंगे। वहीं कोडरमा के मो. जावेद अख्तर को देवघर का जिला निर्वाची पदाधिकारी और गोड्डा के जाहिद इकबा को सह निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है।

### डीसी ने दिया डीपीआर तैयार करने का निर्देश

## इंडोर स्टेडियम और टाउन हॉल में बढ़ेंगी सुविधाएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** राज्य सरकार देवघर जिले के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इस कड़ी में उपायुक्त विशाल सागर की अनुशंसा के पश्चात सुभाष चन्द्र बोस इंडोर स्टेडियम में सुविधाओं और बच्चों की आवश्यकताओं को देखते हुए मल्टीपर्पस हॉल एवं टाउन हॉल में मल्टीपर्पस हॉल विद फूड कोर्ट एण्ड कैफेटेरिया के निर्माण हेतु विभाग के स्तर से स्वीकृति हेतु कार्य किया जा रहा है।

आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखने के अलावा बेहतर अनुभव प्रदान करने की दिशा में सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम और टाउन हॉल में कराए जाने वाले कार्य को लेकर संबंधित एजेंसी द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित करने के पश्चात डीपीआर तैयार करने कोा निर्देश संबंधित एजेंसी को दिया गया है, ताकि जल्द निर्माण कार्य शुरू करते हुए इंडोर स्टोडियम को बच्चों के अनुकूल एवं झरना चौक समीप टाउन हॉल में मल्टीपर्पस हॉल विद फूड कोर्ट एंड कैफेटेरिया का निर्माण कराया जायेगा।

## बाबा बैद्यनाथ हमारे सैनिकों को और शक्ति दे, ताकि पाकिस्तान को सबक सिखा सकें : शशांक राज



**देवघर (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने रविवार को बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच हुए तनाव को लेकर देश के सैनिकों को और शक्ति प्रदान करने की कामना बाबा बैद्यनाथ से की। स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश में वर्तमान मे जो माहौल चल रहा है, उसमें तीनों विंग के सैनिकों को भगवान और शक्ति प्रदेश करे, ताकि देश के दुश्मनों से पहलगाम आतंकी घटना का बदला लिया जा सके और पाकिस्तान से इस युद्ध में जीत कर आये। इसमें सरकार ने एक्शन लिया और पाकिस्तान को सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश और मजबूती के साथ राष्ट्र के दुश्मनों से लोहा लेकर उन्हें हरायेगा।

**बिहार में तेजस्वी यादव की लोकप्रियता खत्म हो चुकी है :** आनेवाले बिहार चुनाव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वहां एनडीए वर्तमान में सत्ता में है और आनेवाले चुनाव में भी एनडीए गठबंधन ही सत्ता में आयेगा, क्योंकि जिस तरह से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पूरे बिहार में घूम-घूम कर लोक-लुभावन वादा कर रहे हैं, इसे किसी भी सूरत में जनता स्वीकार नहीं करेगी। बिहारवासियों के बीच तेजस्वी यादव की लोकप्रियता अब खत्म हो चुकी है। इसलिए यह तय है कि आनेवाले बिहार विधानसभा चुनाव में राज्य की सत्ता एनडीए के पास ही रहेगी। प्रेसा वार्ता में भाजयुमो के जिलाध्यक्ष आशीष दुबे आदि मौजूद थे।

### पीएम किसान योजना में साइबर ठगों ने लगायी सेंध

## सरकारी अधिकारी बन कर ठगी करनेवाले तीन गिरफ्तार

- देवघर पुलिस ने गैंग का किया खुलासा, तीन मोबाइल भी जब्त

**आजाद सपाही संवाददाता**

**देवघर।** साइबर थाने की पुलिस ने मोहनपुर थाने के चौपा जंगल में छापेमारी कर तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तीन मोबाइल और एक सिम बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों में सद्दाम अंसारी (बरमतरा थाना सारवां), सरोज कुमार (कटवन थाना मोहनपुर) और कुन्दन कुमार (जितनाकनारी थाना सारवां) शामिल हैं। डीआइजी सह एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को मिली सूचना के आधार पर टीम गठित कर छापेमारी करायी गयी, तो पुलिस को उक्त सफलता मिली। पुलिस की आरंभिक जांच में पता चला कि साइबर अपराधी फर्जी कस्टमर केयर, एयरटेल पेमेंट बैंक पदाधिकारी बन कर एवं गूगल पर फोनेपे कस्टमर केयर तथा पीएम किसान योजना के नाम पर अपने फर्जी मोबाइल नंबर का प्रयोग कर आमलोगों को झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी करते है। उक्त साइबर अपराधी एसबीआइ क्रेडिट कार्ड का लिंक भेज कर अपने फर्जी मोबाइल नंबर का प्रयोग कर आमलोगों को झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी करते है। गिरफ्तार किये गये साइबर ठग तीन तरीके से ठगी करते थे। गूगल पर अपना फर्जी मोबाइल नंबर कस्टमर केयर के नाम से अपलोड कर लोगों को झांसे में लेते थे और ठगी करते थे। फर्जी पेटीएम, फोन-पे कस्टमर केयर पदाधिकारी बन उपभोक्ताओं को कैश बैक का झांसा देकर फोन-पे गिफ्ट कार्ड के जरिए ठगी करते थे।



















































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**